

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 296 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 04 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र बनने की राह पर, रिकॉर्ड घरेलू यात्राओं से पर्यटन क्षेत्र को नई रफ्तार

## 2.9 अरब घरेलू पर्यटक यात्राओं का रिकॉर्ड, 2025 में 2 करोड़ से अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे; रोजगार और अर्थव्यवस्था में पर्यटन की बढ़ती भूमिका

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत तेजी से विश्व के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक विविधता, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों, योग और आयुर्वेद की वैश्विक लोकप्रियता के साथ सड़क, रेल और हवाई संपर्क में सुधार ने पर्यटन क्षेत्र को नई गति दी है। डिजिटल सुविधाओं और आधुनिक पर्यटक सेवाओं के विस्तार ने भी भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया है।

पर्यटन अब महज घूमने-फिरने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह रोजगार, निवेश, स्थानीय अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय विकास का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभर रहा है।



### 2.9 अरब घरेलू पर्यटक यात्राओं का रिकॉर्ड

सरकार के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत में करीब 2.9 अरब घरेलू पर्यटक यात्राएं दर्ज की गईं। यह आंकड़ा महामारी से पहले के स्तर को भी पार कर चुका है। वहीं, वर्ष 2025 में करीब 2.02 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भारत पहुंचे।

पर्यटन क्षेत्र के बढ़ते आर्थिक महत्व का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में पर्यटन का अर्थव्यवस्था में योगदान करीब 15.73 लाख करोड़ रुपये रहा, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 5.22 प्रतिशत है। इसी दौरान पर्यटन क्षेत्र ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 8.46 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया। वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से करीब 31.7 अरब अमेरिकी डॉलर की आय हुई।

### धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बढ़ता दायरा

भारत में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन लगातार विस्तार कर रहा है। काशी, अयोध्या, चारधाम, बोधगया, अमृतसर, तिरुपति और पुरी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

बौद्ध पर्यटन सर्किट भी भारत को एशियाई देशों के साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। धार्मिक पर्यटन केंद्रों पर सड़क, रेल और हवाई संपर्क मजबूत करने के साथ पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### विविधता बनी भारत की सबसे बड़ी ताकत

भारत की पर्यटन क्षमता का सबसे बड़ा आधार उसकी विविधता है। देश में प्राचीन सभ्यताओं और ऐतिहासिक स्मारकों से लेकर धार्मिक स्थल, हिमालयी क्षेत्र, समुद्र तट, वन्यजीव अभयारण्य, पारंपरिक हस्तशिल्प, विविध खान-पान और रंग-बिरंगे त्योहार पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

योग, आयुर्वेद और भारतीय जीवन-पद्धति भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। देश में 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, 106 राष्ट्रीय उद्यान और 18 बायोस्फीयर रिजर्व भारत की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा की व्यापकता को दशार्ते हैं।

### वेलनेस और स्वास्थ्य पर्यटन में भी बढ़त

योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के चलते भारत स्वास्थ्य एवं वेलनेस पर्यटन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक उपचार, योग, आयुर्वेद और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए भारत का रुख कर रहे हैं।



इसी के साथ राष्ट्रीय उद्यानों, टाइगर रिजर्व, हिमालयी क्षेत्रों और जैव विविधता वाले इलाकों में इको-टूरिज्म और वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर पैदा होने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

### टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन पर जोर

पर्यटन के विस्तार के साथ सरकार टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन पर भी जोर दे रही है। 'ट्रैवल फॉर LiFE' जैसे अभियानों के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन और जिम्मेदार यात्रा व्यवहार को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग, समुद्री पर्यटन और प्रकृति आधारित गतिविधियों के विस्तार के जरिए पर्यटकों को पारंपरिक पर्यटन स्थलों से आगे नए गंतव्यों की ओर आकर्षित करने की कोशिश की जा रही है। इससे प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर पर्यटकों के अत्यधिक दबाव को कम करने और देश के अन्य क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिल सकती है।

## गौतम गंभीर से नाराज है बीसीसीआई? भारतीय टीम के खिलाड़ियों की शिकायत की खबर से बढ़ी हलचल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य प्रशिक्षक गौतम गंभीर को लेकर क्रिकेट जगत में चचाएं तेज हो गई हैं। Cricblogger.com की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लगातार कुछ महत्वपूर्ण मुकाबलों में भारतीय टीम की हार के बाद गंभीर की कार्यशैली और उनके निर्णयों पर सवाल उठने लगे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम के कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों ने गंभीर की कार्यशैली को लेकर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) से शिकायत की है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और बीसीसीआई की ओर से भी इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### गंभीर की कार्यशैली को लेकर असंतोष का दावा

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई के कुछ अधिकारी गंभीर की कार्यशैली से कथित तौर पर संतुष्ट नहीं हैं। आरोप है कि टीम के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने पर गंभीर स्वयं जिम्मेदारी लेने के बजाय कभी सहयोगी स्टाफ तो कभी खिलाड़ियों को जिम्मेदार ठहराते हैं।






## देश के 99.92% आबाद गांवों तक पहुंची बैंकिंग सुविधा, पीएमजेडीवाई के 58.77 करोड़ खाते

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में लगभग सार्वभौमिक बैंकिंग कवरेज हासिल कर ली गई है। 17 जुलाई 2026 तक 6,01,328 आबाद गांवों में से 6,00,868 गांवों में 5 किलोमीटर के दायरे में बैंक शाखा, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट या इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक केंद्र उपलब्ध है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में दी।




देश में 1.81 लाख से अधिक बैंक शाखाएं, 17.36 लाख बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट और 1.65 लाख आईपीपीबी केंद्र बैंकिंग सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक 58.77 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें 3,12,414 करोड़ रुपये जमा हैं।

सरकार कृषि ऋण वितरण को आसान बनाने के लिए जन समर्थ पोर्टल, ई-केवाईसी, कृषिका और किसान ऋण पोर्टल जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं को बढ़ावा दे रही है। साथ ही डिजिटल भुगतान में साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए एआई आधारित 'म्यूलहंटर', साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और 1930 हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं भी संचालित की जा रही हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने कटक में जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन

समाज जागरण

कटक, 3 अगस्त। राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को ओडिशा के कटक में जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहां युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकें और अपने सपनों व आकांक्षाओं को साकार कर सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सेवा की समृद्ध परंपरा की भूमि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को आधुनिक शिक्षा, शोध और तकनीक से जोड़ेगा।



मुर्मु ने कहा कि युवाओं को मूल्यपरक शिक्षा देकर सत्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना से प्रेरित जिम्मेदार नागरिक तैयार करना उच्च शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार, उद्यमिता और विद्यार्थियों के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास पर दिए जा रहे जोर की सराहना की और विश्वास जताया कि संस्थान विकसित ओडिशा और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देगा।

(इनपुट : पीआईबी)

## सावन के पहले सोमवार पर शिवमय हुआ देश, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

### काशी से उज्जैन और देवघर से दिल्ली तक उमड़ा आस्था का सैलाब, तड़के से मंदिरों में लगी कतारें; सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम



समाज जागरण

नई दिल्ली। सावन के पहले सोमवार पर सोमवार को पूरा देश भगवान शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक मंदिरों, पवित्र नदी तटों और जलाशयों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान शिव का जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। उज्जैन, काशी विश्वनाथ, बैजनाथ, हरिद्वार, ऋषिकेश और देवघर सहित प्रमुख शिवधामों में भक्तों का उत्साह देखते ही बना।

### काशी से उज्जैन तक शिवालयों में उमड़ी भीड़

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचने लगे। बाबा विश्वनाथ के दरबार में भक्तों ने गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को विशेष धार्मिक आयोजन हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ, उत्तराखंड के हरिद्वार और ऋषिकेश तथा झारखंड के देवघर में भी शिवभक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए।

### संगम और चित्रकूट में भी आस्था का सैलाब

प्रयागराज में सावन के पहले सोमवार पर संगम क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के बाद शिवालयों में पूजा-अर्चना की। संगम क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा।

चित्रकूट में श्रद्धालुओं ने रामघाट पहुंचकर मंदाकिनी नदी में स्नान किया। इसके बाद बड़ी संख्या में भक्त महाराजाधिराज मतगजेन्द्र नाथ मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

### दिल्ली के शिवालयों में भी भक्तों की लंबी कतार

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी सावन के पहले सोमवार पर पूरी तरह शिवमय नजर आई। शहर के प्रमुख शिवालयों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर में भक्त रात करीब दो बजे से ही दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने लगे।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। दिल्ली पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों और निजी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई। मंदिर परिसर में मेटल डिटेक्टर गेट लगाए गए हैं और संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए विशेष मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### गौरी शंकर मंदिर में जलाभिषेक की विशेष व्यवस्था

गौरी शंकर मंदिर में इस बार श्रद्धालुओं के सीधे गर्भगृह में जाकर जलाभिषेक करने के बजाय गर्भगृह के बाहर विशेष क्यारियां बनाई गई हैं। इन्हीं के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक की व्यवस्था की गई है। इससे मंदिर के अंदर भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिल रही है।

## हरे निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 544 अंक उछला; निफ्टी में 1.60% की बढ़त

### अमेरिकी-ईरान शांति समझौते की उम्मीद और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बाजार को मिला सहारा, लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी

मुंबई। अमेरिकी-ईरान शांति समझौते की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र तेजी रही। सेंसेक्स 544.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत उछलकर 78,639 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 390.70 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,774.30 अंक पर पहुंच गया।

व्यापक बाजार में भी खरीदारी का माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 100 में 1.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 में 1.29 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी

क्षेत्रीय सूचकांकों में निफ्टी मीडिया को छोड़कर सभी प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी आईटी में सबसे अधिक 3.28 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा निफ्टी प्राइवेट बैंक में 1.90 प्रतिशत, एफएमसीजी में 1.72 प्रतिशत, मेटल में 1.54 प्रतिशत, ऑटो में 1.48 प्रतिशत और पीएसयू बैंक में 1.43 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

निफ्टी 50 में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इंडिगो, इंफोसिस, श्रीराम फाइनेंस और एक्सिस बैंक प्रमुख लाभ वाले शेयरों में रहे। दूसरी ओर अपोलो हॉस्पिटल्स, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, ओएनजीसी, टेक महिंद्रा और भारती एयरटेल में गिरावट रही।

### चार सत्रों में सेंसेक्स 1,850 अंक चढ़ा

लगातार चार कारोबारी सत्रों की तेजी में सेंसेक्स करीब 1,850 अंक यानी 2.44 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी 50 में लगभग 800 अंक यानी 3.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ। सोमवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 486 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 490 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यानी एक कारोबारी सत्र में निवेशकों की संपत्ति में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति पर नजर

बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय बाजार मजबूत बने हुए हैं। आने वाले दिनों में निवेशकों की नजर भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर रहेगी। विशेषज्ञों के बीच फिलहाल यह अनुमान है कि हालिया नीतिगत नरमी और मुद्रास्फीति एवं आर्थिक वृद्धि के संतुलित परिदृश्य को देखते हुए रेपो दर में तत्काल बदलाव की संभावना कम है।

# एक निर्वासित लेखिका की नजर में समाज की रूपरेखा

कोलकाता में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेशी मूल की निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन ने जिन मुद्दों पर अपनी राय रखी, उन्होंने केवल साहित्यिक जगत ही नहीं बल्कि राजनीति, मानवाधिकार, लोकतंत्र और दक्षिण एशिया के सामाजिक विमर्श को भी नई चर्चा का विषय बना दिया। लगभग दो दशक बाद कोलकाता लौटने के बाद उनका यह सार्वजनिक संवाद कई कारणों से महत्वपूर्ण माना गया। उन्होंने कवि जय गोस्वामी के साथ मंच पर हुई घटना पर दुख व्यक्त किया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन किया, समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया, बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की और भारत तथा बांग्लादेश के संबंधों पर भी अपने विचार रखे। उनके वक्तव्यों ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा किया कि लोकतांत्रिक समाज में विचारों की असहमति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

सबसे पहले चर्चा उस घटना की हुई जिसमें प्रसिद्ध बंगाली कवि जय गोस्वामी को मंच पर बुलाए जाने के बाद दर्शकों के एक वर्ग के विरोध के कारण उन्हें बोलने का अवसर नहीं मिल सका। तसलीमा नसरीन ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति के विचारों से असहमति है तो उसका उत्तर संवाद से दिया जाना चाहिए, न कि उसे बोलने से रोककर। उनके अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन तभी सार्थक है जब वह केवल अपने विचारों तक सीमित न रहकर विरोधी विचारों के लिए भी समान रूप से लागू हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी लेखक, कवि या बुद्धिजीवी को केवल वैचारिक मतभेद के आधार पर मंच से दूर रखना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण बन गई क्योंकि तसलीमा नसरीन स्वयं पिछले तीन दशकों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रश्न से जुड़ी रही हैं। अपने लेखन के कारण उन्हें बांग्लादेश छोड़ना पड़ा और लंबे समय तक विभिन्न देशों में निर्वासन का जीवन बिताना पड़ा। उन्होंने कई बार यह कहा है कि किसी भी लोकतंत्र की पहचान इस बात से होती है कि वहां असहमति रखने वाले लोगों को किस प्रकार का स्थान मिलता है। उनके अनुसार विचारों का मुकाबला विचारों से होना चाहिए, न कि प्रतिबंधों या भय के वातावरण से। यही कारण है कि उन्होंने जय गोस्वामी प्रकरण को केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि व्यापक लोकतांत्रिक संस्कृति का प्रश्न बताया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की विभिन्न सरकारों के साथ अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि अलग अलग समय में उन्हें अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उनके इस वक्तव्य ने राजनीतिक हलकों में भी चर्चा पैदा की। हालांकि उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि किसी भी सरकार की वास्तविक कसौटी यह है कि वह सभी नागरिकों और लेखकों को बिना वैचारिक भेदभाव के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उपलब्ध कराए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार का दायित्व केवल समर्थकों की सुरक्षा करना नहीं बल्कि आलोचकों की अभिव्यक्ति की भी रक्षा करना है।

तसलीमा नसरीन ने समान नागरिक संहिता के प्रश्न पर भी स्पष्ट समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों में भी सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए। उनके अनुसार अलग अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण विशेष रूप से महिलाओं को अनेक प्रकार की असमानताओं का सामना करना पड़ता है। उनका तर्क था कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य किसी धर्म का विरोध करना नहीं बल्कि नागरिकों को समान अधिकार और समान कानूनी संरक्षण प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की संपत्ति, विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से जुड़े अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि समान कानून लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

समान नागरिक संहिता का विषय स्वयं भारत में लंबे समय से सार्वजनिक और राजनीतिक बहस का विषय रहा है। इसके समर्थक इसे समानता और न्याय की दिशा में आवश्यक कदम मानते हैं, जबकि आलोचकों का मत है कि इस विषय पर व्यापक संवाद और सभी समुदायों की भागीदारी आवश्यक है। तसलीमा नसरीन का दृष्टिकोण इस बहस के एक पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें महिलाओं के अधिकारों को केंद्र में रखा गया है। उनके वक्तव्य ने इस चर्चा को फिर से प्रमुखता दिलाई है।

बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर बोलते हुए तसलीमा नसरीन ने चिंता व्यक्त की कि वहां धार्मिक कट्टरता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे अभी भी गंभीर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए सभी समुदायों के साथ समान व्यवहार आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी देश की स्थिरता तभी संभव है जब वहां कानून का शासन हो और नागरिकों को बिना भय के अपने अधिकारों का उपयोग करने का अवसर मिले।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी अपने विचार व्यक्त किए और धार्मिक शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर आलोचनात्मक टिप्पणी की। उनका मत था कि आधुनिक, वैज्ञानिक और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए ताकि बच्चों में तार्किक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो सके। यह उनका व्यक्तिगत दृष्टिकोण है और स्वाभाविक रूप से इस विषय पर समाज के विभिन्न वर्गों की अलग अलग राय मौजूद है। शिक्षा, धर्म और राज्य के संबंधों को लेकर दक्षिण एशिया में लंबे समय से बहस चलती रही है और तसलीमा नसरीन के वक्तव्य ने इस बहस को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया।

भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों की चर्चा की। उन्होंने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के दौरान भारत की भूमिका को याद करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक हैं। उनका मानना है कि सांस्कृतिक, आर्थिक और मानवीय संबंध राजनीतिक मतभेदों से कहीं अधिक गहरे होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को कट्टरता और वैमनस्य फैलाने वाली शक्तियों से सावधान रहना चाहिए ताकि क्षेत्रीय सहयोग मजबूत हो सके।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के संबंध में भी उन्होंने अपनी राय व्यक्त की। उनका कहना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक राजनीतिक दल और नेता को कानून के दायरे में रहकर चुनाव लड़ने और जनता के बीच जाने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को स्वस्थ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह भी स्पष्ट है कि बांग्लादेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और विश्लेषकों के अलग अलग दृष्टिकोण हैं, इसलिए तसलीमा नसरीन की टिप्पणियों को उनके व्यक्तिगत राजनीतिक मत के रूप में देखा जाना चाहिए।

तसलीमा नसरीन का सार्वजनिक जीवन लगातार विवादों, समर्थन और विरोध के बीच रहा है। उनके लेखन का प्रमुख विषय महिलाओं के अधिकार, धार्मिक कट्टरता की आलोचना, मानवाधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता रहा है। यही कारण है कि उनके प्रत्येक सार्वजनिक वक्तव्य को केवल साहित्यिक टिप्पणी नहीं बल्कि व्यापक सामाजिक और राजनीतिक हस्तक्षेप के रूप में देखा जाता है। उनके समर्थक उन्हें निर्भीक लेखक मानते हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने विचारों पर कायम रहती हैं, जबकि उनके आलोचक कई मुद्दों पर उनके विचारों को एकपक्षीय बताते हैं। लोकतांत्रिक समाज में ऐसे मतभेद स्वाभाविक हैं और स्वस्थ सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा भी हैं।

कोलकाता की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल एक साहित्यकार की वापसी का अवसर नहीं थी, बल्कि उसने यह भी याद दिलाया कि दक्षिण एशिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, महिलाओं के अधिकार, धर्म और राजनीति के संबंध, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा पड़ोसी देशों के संबंध जैसे विषय आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। जय गोस्वामी प्रकरण से लेकर समान नागरिक संहिता और बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति तक तसलीमा नसरीन के वक्तव्यों ने अनेक बहसों को फिर से जीवित कर दिया है। इन मुद्दों पर अंतिम निष्कर्ष भले ही अलग अलग हो सकते हैं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि लोकतांत्रिक समाज की मजबूती संवाद, सहिष्णुता और असहमति के सम्मान से ही संभव है। किसी भी विचार से सहमत या असहमत होने का अधिकार लोकतंत्र का हिस्सा है, किंतु उस अधिकार की रक्षा तभी हो सकती है जब हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का समान अवसर मिले। यही संदेश इस पूरे घटनाक्रम से सबसे अधिक महत्वपूर्ण रूप में उभरकर सामने आता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# विदेश में डंकी रूट से साइबर धोखाधड़ी तक में फंसते भारतीय



संजय सक्सेना

भारत में अवैध घुसपैठ हमेशा से एक संवेदनशील राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दा रहा है, जिस पर हर चुनाव और संसद के हर सत्र में सियासी दल अपनी रोटियां सेकते नजर आते हैं। सीमाओं की सुरक्षा, राष्ट्रीय अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के नाम पर बहसें और तीखे बयान राजनीति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन जब जमीनी हकीकत और सरकारी आंकड़ों की कसौटी पर इस बहस को परखा जाता है, तो एक बेहद चौंकाने वाली और विरोधाभासी तस्वीर उभरकर सामने आती है। विदेश मंत्रालय की तरफ से संसद में रखे गए हालिया आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि एक तरफ जहां भारत अपनी सरहदों के भीतर अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने में प्रशासनिक और कानूनी जटिलताओं के चलते संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया के अलग-अलग देशों में रोजगार और बेहतर भविष्य की तलाश में गए हजारों भारतीय अवैध आप्रवासन के जाल में फंसकर हर साल डिपोर्ट किए जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल भारत की घरेलू सुरक्षा प्रणालियों की सीमाओं को उजागर करती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि कैसे वैश्विक स्तर पर भारतीय नागरिक कड़े आव्रजन कानूनों के शिकार बन रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केवल वर्ष 2025 में ही करीब 19,811 भारतीयों को दुनिया के विभिन्न देशों में अवैध आप्रवासन के आरोप में हिरासत में लिया गया और फिर उन्हें वापस उनके वतन भेज दिया गया। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि बेरोजगारी, गरीबी और बेहतर आजीविका की लालसा में युवा किस हद तक जोखिम उठाने को तैयार रहते हैं। इसके विपरीत, यदि भारत के भीतर अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो स्थिति बिल्कुल उलट और बेहद सुस्त प्रतीत होती है। हालांकि भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने के आधिकारिक और समेकित आंकड़े सार्वजनिक रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन विभिन्न खुफिया, सुरक्षा और प्रशासनिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी बताती है कि देश में हर साल बमुश्किल दो से ढाई हजार विदेशी नागरिकों को ही हिरासत में लिया जाता है और फिर लंबी कानूनी तथा कूटनीतिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद उन्हें डिपोर्ट किया जाता है। यह विसंगति देश की आंतरिक सुरक्षा और प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाती है कि आखिर सीमाओं के रास्ते आने वाले लाखों अवैध प्रवासियों की तुलना में यह आंकड़ा इतना कम क्यों है।

वर्ष 2025 के आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर यह साफ हो जाता है कि भारतीय नागरिकों के डिपोर्टेशन का दायरा केवल पारंपरिक रूप से खाड़ी देशों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अब दुनिया के कोने-कोने तक फैल चुका है। खाड़ी देशों में भारत से नजदीकी और रोजगार के प्रचुर अवसरों के कारण बड़े पैमाने पर लोग जाते हैं, लेकिन कई बार वीजा की अवधि समाप्त होने, समय पर नवीनीकरण न होने या फिर एजेंटों के बहकावे में आकर लोग अवैध रूप से कार्य करने लगते हैं। 2025 में अकेले संयुक्त अरब अमीरात से 7,896 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया, जो किसी भी एक देश से सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसी तरह अमेरिका से 3,500 भारतीयों को वापस भेजा गया, जो इस बात का संकेत है कि 'डंकी रूट' या अवैध रास्तों से अमेरिका में प्रवेश करने का क्रेज युवाओं में कितना घातक साबित हो रहा है। मलेशिया से 1,675, म्यांमार से 1,676 और कंबोडिया से 1,300 भारतीयों को भारत वापस भेजा गया। कंबोडिया और म्यांमार जैसे देशों से डिपोर्टेशन के मामलों में हाल के वर्षों में भारी उछाल आया है, जिसके पीछे साइबर फ्रॉड और नौकरी के फर्जी विज्ञापनों के जरिए युवाओं को बंधक बनाए जाने और अवैध गतिविधियों में धकेले जाने के मामले मुख्य कारण रहे हैं।

सबसे दिलचस्प और चौंकाने वाली बात यह है कि भारतीय नागरिक अब उन छोटे-छोटे और अप्रत्याशित देशों से भी डिपोर्ट हो रहे हैं, जिनके बारे में आम तौर पर ज्यादा चर्चा नहीं होती। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में जॉर्जिया में 12, कोलंबिया में 30, जमैका में 3, लिथुआनिया में 4, माल्टा में 3, स्लोवाक गणराज्य में 27 और यहां तक कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी 231 भारतीयों को हिरासत में लिया गया या डिपोर्ट किया गया। लैटिन अमेरिकी देश जैसे कोलंबिया और कैरेबियाई देश जैसे जमैका अमेरिकी महाद्वीप में प्रवेश करने के लिए अवैध एजेंटों द्वारा ट्रांजिट रूट के रूप में उपयोग किए जाते हैं, जहां भारतीय नागरिक मानव तस्करों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं और अंततः विदेशी जेलों या हिरासत केंद्रों में पहुंचते हैं। यूरोपीय देश जैसे लिथुआनिया, माल्टा और स्लोवाकिया भी अब ऐसे भारतीयों के निशाने पर हैं, जो शेंगेन वीजा के नियमों का उल्लंघन कर पश्चिमी यूरोप में दाखिल होना चाहते हैं, लेकिन कानूनों के शिकंजे में फंसकर वापस भेज दिए जाते हैं।

अवैध प्रवासन और डिपोर्टेशन का यह संकट कोई नया नहीं है, बल्कि इसका एक लंबा और दर्दनाक इतिहास रहा है। यदि हम पिछले दशकों के मामलों पर नजर डालें, तो पाएंगे कि समय-समय पर बड़े पैमाने पर भारतीयों को विदेशी धरती से खदेड़ा गया है। इतिहास के पन्नों को पलटें तो खाड़ी युद्ध (1990-91) के दौरान कुवैत और इराक से लाखों भारतीयों को युद्ध के हालातों के चलते अचानक वापस लौटना पड़ा था, हालांकि वह मुख्य रूप से युद्ध जनित पलायन था, लेकिन उसके बाद के दशकों में वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध रूप से रहने के कारण डिपोर्टेशन की घटनाएं लगातार बढ़ती गईं। दशक पहले सऊदी अरब में निताकात कानून के सख्त होने पर लाखों भारतीयों को अपनी नौकरियां गंवानी पड़ी थीं और हजारों को वैध दस्तावेज न होने पर भारत वापस डिपोर्ट किया गया था। इसी तरह यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय देशों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन रिटर्न के तहत अनधिकृत रूप से रह रहे हजारों भारतीयों को चार्टर्ड उड़ानों के जरिए भारत भेजा जा चुका है।

हालिया वर्षों में अमेरिका द्वारा सैन्य विमानों या विशेष उड़ानों के जरिए भारतीयों को हथकड़ी लगाकर सामूहिक रूप से डिपोर्ट किए जाने की तस्वीरें भारतीय मीडिया में सुर्खियों में रही हैं। वर्ष 2020 और उसके बाद के कोविड काल के दौरान भी खाड़ी देशों और यूरोप से हजारों भारतीय कामगारों को बिना वैध वीजा या काम के अधिकारों के डिपोर्ट किया गया था। इन पुराने मामलों से यह स्पष्ट होता है कि सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा समय-समय पर कड़े आव्रजन कानून लागू किए जाने के बावजूद भारतीय युवाओं का विदेश मोह कम नहीं हुआ है। एजेंटों का सिंडिकेट युवाओं को विदेशों में सुनहरे भविष्य का सपना दिखाकर अवैध रास्तों से भेजने का खेल लगातार खेल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप हर साल हजारों परिवार सामाजिक और आर्थिक बबार्दी की कगार पर पहुंच जाते हैं। डिपोर्ट होकर लौटने वाले अधिकांश युवा कर्ज के दलदल में फंसे होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी जमीन गिरवी रखकर या भारी ब्याज पर कर्ज लेकर एजेंटों को लाखों रुपये दिए होते हैं। कुल मिलाकर भारत के भीतर अवैध घुसपैठियों के डिपोर्टेशन के आंकड़े और विदेशों से डिपोर्ट होने वाले भारतीयों की संख्या के बीच का यह भारी अंतर देश की नीतियों और प्रशासनिक तंत्र की गंभीर कमियों को उजागर करता है।

# उत्तर प्रदेश का राजनीतिक चक्रव्यूह और अखिलेश यादव की 'सनातनी' उलझन



उत्तर प्रदेश की राजनीति हमेशा से सामाजिक समीकरणों, जातीय इंजीनियरिंग और विचारधाराओं के टकराव का केंद्र रही है। आगामी विधानसभा चुनावों की दस्तक के साथ ही राजनीतिक शतरंज की बिसात पर नई चालें चलनी शुरू हो गई हैं। इनमें सबसे चर्चित और विवादास्पद चाल है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का अचानक से 'हिन्दू प्रेम' और 'सनातनी' छवि को उभारना। लेकिन क्या यह रणनीति वास्तव में सपा के लिए वरदान साबित होगी, या फिर अखिलेश यादव अनजाने में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रचे गए एक गहरे वैचारिक चक्रव्यूह में फंसते जा रहे हैं? यह एक गंभीर राजनीतिक प्रश्न है, जिसका उत्तर खोजने के लिए उत्तर प्रदेश के वर्तमान चुनावी गणित और विचारधारात्मक द्वंद्व को समझना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा की राजनीतिक जमीन हमेशा से हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति रही है। जब कोई भी विपक्षी दल, विशेषकर सपा जैसी पार्टी जिसकी पारंपरिक छवि एक धर्मनिरपेक्ष और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण वाली रही है, अचानक से हिन्दू हितैषी बनने का प्रयास करती है, तो भाजपा की सबसे बड़ी सफलता यही होती है कि वह विपक्ष को उसी की पसंदीदा जमीन पर घेर ले। भाजपा की मंशा स्पष्ट है, अखिलेश यादव को विचारधारा के उस भंवर में खींच लेना, जहाँ भाजपा और आरएसएस का दबदबा अटूट है। जब अखिलेश यादव राम नवमी, हनुमान जयंती या अन्य धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, तो भाजपा की मशीनरी इसे 'अवसरवाद' और 'वोट बैंक की राजनीति' का नाम देकर आम हिन्दू मतदाता के मन में संदेह का बीज बोती है। भाजपा चाहती है कि चुनाव का मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं से हटकर पूरी तरह से 'कौन असली हिन्दू हितैषी है' के ध्रुवीकरण पर आ जाए। इस चक्रव्यूह में अखिलेश यादव जितना अंदर जा रहे हैं, भाजपा के लिए उन्हें 'नकली' साबित करना उतना ही आसान होता जा रहा है।

अखिलेश यादव की राजनीतिक दुविधा का सबसे बड़ा प्रमाण उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं के व्यवहार में दिखाई देता है। एक तराजू के दो पलदों की तरह सपा की रणनीति बिल्कुल बिखरी हुई नजर आती है। जहाँ अखिलेश यादव स्वयं को एक 'सनातनी' और 'हिन्दूवादी' नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं उनके पार्टी प्रवक्ता टेलीविजन डिबेट्स और सोशल मीडिया पर आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद और अन्य धार्मिक संतों को निशाने पर लेते हैं।

यह एक गंभीर राजनीतिक भूल है। आरएसएस और वीएचपी से लाखों स्वयंसेवक और आम हिन्दू मतदाता भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। जब सपा के प्रवक्ता इन संगठनों को 'राम द्रोही' या 'सांप्रदायिक' करार देते हैं, तो वे सीधे तौर पर उन लाखों हिन्दुओं का अपमान करते हैं जो इन विचारधाराओं से जुड़े हैं। अखिलेश यादव यदि सच में हिन्दू वोटों को साधना चाहते हैं, तो उनकी पार्टी की विचारधारा और उनके प्रवक्ताओं की जुबान में सामंजस्य होना चाहिए। प्रवक्ताओं का यह आक्रोश अखिलेश यादव के 'सनातनी प्रेम' को न केवल खोखला साबित करता है, बल्कि गैर-यादव हिन्दू मतदाताओं को वापस भाजपा की गोद में धकेलने का काम कर रहा है।

अखिलेश यादव के इस अचानक 'हिन्दू प्रेम' को लेकर सबसे बड़ी चिंता सपा के सबसे मजबूत और वफादार वोट बैंक–मुस्लिम समुदाय के बीच है। क्या आगामी विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता अखिलेश यादव से किनारा कर लेगा? इसका उत्तर 'हाँ' और 'ना' दोनों में है, लेकिन इसकी परतें गहरी हैं। राजनीतिक विश्लेषण बताता है कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम मतदाता अत्यंत जागरूक है। वे यह अच्छी तरह समझते हैं कि भाजपा के सामने उनके अस्तित्व और सुरक्षा का सवाल है। इसलिए, वे रणनीतिक रूप से वोट देते हैं। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में एक प्रभावी विकल्प के रूप उभर नहीं पाई है और एआईएमआईएम जैसी पार्टियाँ केवल वोट काटने का काम करती हैं। ऐसे में, मुस्लिम मतदाता भाजपा को हराने के लिए मजबूरी में सपा को ही सहारा देगा। इस लिहाज से देखा जाए तो मुस्लिम वोट बैंक पूरी तरह से किनारा नहीं करेगा।

लेकिन, 'वोट देने' और 'जोश के साथ प्रचार करने' में जमीन-आसमान का फर्क है। अखिलेश यादव का यह सनातनी चक्रव्यूह मुस्लिम मतदाताओं के मन में एक गहरा असंतोष और हीन भावना पैदा कर रहा है। वे यह महसूस करने लगे हैं कि सपा अपने मूल धर्मनिरपेक्ष चेहरे को छिपाकर बहुसंख्यकवाद की राजनीति कर रही है। इसका परिणाम यह होगा कि मुस्लिम बूथ स्तर पर जिस जुनून, निष्ठा और जान की बाजी लगाकर सपा का प्रचार करते थे, उसमें भारी गिरावट आएगी। उनका वोट 'भावनात्मक समर्थन' से बदलकर 'मजबूरी का टैक्टिकल वोट' बन जाएगा। और चुनावी गणित में, जब किसी वोट बैंक का जुनून ठंडा पड़ता है, तो उसका सीधा असर पार्टी के कुल वोट प्रतिशत पर पड़ता है, जिससे करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ सकता है।

भाजपा की सपा के प्रति इस विषय में असल मंशा केवल अखिलेश यादव को चुनाव में हराना नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी की विचारधारात्मक जड़ों को काटना है। भाजपा चाहती है कि सपा को 'अल्पसंख्यक तुष्टीकरण' वाली पार्टी के रूप में स्थापित किया जाए और साथ ही अल्पसंख्यकों के मन में यह डर बैठाया जाए कि अखिलेश यादव उनकी रक्षा नहीं कर सकते।

दूसरी ओर, भाजपा यह भी संदेश देना चाहती है कि सपा का 'हिन्दू चेहरा' केवल एक नाटक है। भाजपा की रणनीति दोनों तरफ से घेरने की है। एक तरफ वे अखिलेश यादव के प्रवक्ताओं के बयानों को उछालकर हिन्दू वोटों को ध्रुवीकृत करेंगे, और दूसरी तरफ अखिलेश के धार्मिक आयोजनों को उछालकर मुस्लिम वोटों में असुरक्षा की भावना पैदा करेंगे। भाजपा का प्रयास यह है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति को पूरी तरह से 'बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक' के ध्रुव पर लाकर खड़ा कर दिया जाए, ताकि जातिवाद, बेरोजगारी और विकास जैसे मुद्दे पूरी तरह से हाशिए पर चले जाएं।

अखिलेश यादव के सामने आगामी विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी के अस्तित्व और विचारधारा को बचाने की है। यदि वे भाजपा के रचे गए इस 'सनातनी चक्रव्यूह' में उलझते रहे, तो उन्हें न तो वह हिन्दू वोट मिल पाएगा जो भाजपा के पास पहले से सुरक्षित है, और न ही वे अपने पारंपरिक सामाजिक गठजोड़ को बचा पाएंगे। सपा के प्रवक्ताओं को यह समझना होगा कि टेलीविजन डिबेट्स में संतों और आरएसएस पर की गई टिप्पणियाँ पार्टी को चुनावी नुकसान से ज्यादा कुछ नहीं देतीं। अखिलेश यादव को इस भ्रम से बाहर आना होगा कि वे भाजपा को उसकी विचारधारा की जमीन पर मात दे सकते हैं। सपा की असली ताकत कभी हिन्दू-मुस्लिम का ध्रुवीकरण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और विकास का एजेंडा रहा है।

यदि अखिलेश यादव को इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना है, तो उन्हें धर्म के मैदान से हटकर पुनः 'सामाजिक न्याय और विकास' के मैदान पर वापसी करनी होगी। उन्हें यह साबित करना होगा कि सनातन धर्म और हिन्दू संस्कृति का सम्मान केवल मंदिरों में जाकर फोटो खिंचवाने या टेलीविजन पर बहस करने से नहीं, बल्कि हर वर्ग के उत्थान, न्याय और समानता के सिद्धांतों को अपनाने से होता है। यदि वे भाजपा की एजेंडा सेट करने की राजनीति में उलझे रहे, तो यह चक्रव्यूह न केवल उनकी हार का कारण बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की उस गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक सौहार्द्य को भी नुकसान पहुंचाएगा, जिस पर इस राज्य की राजनीति हमेशा से गर्व करती आई है।



एडवोकेट, जयदेव राठी

## करिएँ अकड़ का अंत...!

शब्दों के तीर चलाना
बहुत है आसान,
परंतु यह बोझ उठाना
कठिन होता है।
लेकिन "क्षणिक
आवेश" की आँधी में,
अक्सर विवेक कहीं खो
सा जाता है।

यहाँ भीड़ के शोर में जो
बहकर जाते,
वे भी सच का स्वर
पहचान नहीं पाते।
जब आई "आत्मा" की
असली दस्तक,
तभी तो पश्चाताप के
आँसू झर जाते।

कारण, हमेशा झुकना
हार नहीं होता,
गलती मानना "साहस"
की पहचान है।
जो समय रहते हुए स्वयं
को बदल ले,
आज वह दुनिया में
"सच्चा इंसान" है।

कटु वाणी से सिर्फ
"दूरियाँ" ही बढ़ती,
यूं जहाँ संयम से सम्मान
जन्म लेता है।
जेन जी का यहीं सबसे
बड़ा आभूषण,
विनम्र आचरण और
सद्‌बुद्धि होता है।

आओ सीख लें इस
जीवन के पाठ को,
किसी पे क्रोध नहीं,
संवाद को अपनाएँ।
दिलों में मतभेद रहें तब
भी मर्यादा रहे,
हिंदुस्तान की संस्कृति
का मान बढ़ाएँ।

**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# शाहजहांपुर में मीट-मछली की दुकानों को खोलने की मांग, सपा जिलाध्यक्ष ने आंदोलन की दी चेतावनी

## सावन-कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दुकानों और मांसाहारी होटलों पर रोक का मामला, सपा ने प्रशासन को सौंपा मांगपत्र

संदीप गर्ग/समाज जागरण



शाहजहांपुर। सावन और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मांस-मछली की दुकानों तथा मांसाहारी होटलों को बंद रखने के प्रशासनिक निर्देशों के बीच शाहजहांपुर में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने बंद कराई गई मीट-मछली की दुकानों और मांसाहारी होटलों को खोलने की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि दुकानों के बंद रहने से इससे जुड़े कारोबारियों और दुकानदारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर दुकानों को खोलने की अनुमति देने की मांग की है।

### मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

तनवीर खान ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मांस-मछली की दुकानों और मांसाहारी होटलों को खोलने की अनुमति नहीं दी गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। सपा नेता ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा मनमाने तरीके से दुकानों और होटलों को बंद कराया गया है। उनका कहना है कि इससे कारोबार से जुड़े लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने किए हैं इंतजाम

गौरतलब है कि सावन के दौरान कांवड़ यात्रा को देखते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं की जाती हैं। कुछ क्षेत्रों में कांवड़ मार्गों के आसपास मांस-मछली की दुकानों और मांसाहारी होटलों को बंद रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। शाहजहांपुर में अब सपा की मांग के बाद मामला राजनीतिक रूप लेता दिखाई दे रहा है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मांगपत्र पर क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर नजर बनी हुई है।

# 5 से 18 अगस्त तक मिलेगा निःशुल्क राशन, अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलेगा लाभ

## अंत्योदय कार्ड पर 35 किलो और पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न का होगा निःशुल्क वितरण

संदीप गर्ग/समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। 03 अगस्त 2026। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जनपद के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को अगस्त माह का निःशुल्क खाद्यान्न 5 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र लाभार्थियों से निर्धारित अवधि में अपनी उचित दर की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है। खाद्यान्न का वितरण प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के बाद किया जाएगा।

### अंत्योदय कार्डधारकों को मिलेगा 35 किलो राशन

अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम चावल, यानी कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल, यानी कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा।

### प्रवासी लाभार्थी भी उठा सकेंगे सुविधा

'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना के तहत दूसरे जनपदों अथवा राज्यों के प्रवासी अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारक भी गौतमबुद्धनगर की किसी भी उचित दर दुकान से पोर्टेबिलिटी के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

### 18 अगस्त को ओटीपी से भी मिलेगा राशन

वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संबंधित नोडल अधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों पर उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और उनकी उपस्थिति में वितरण कराया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार 18 अगस्त वितरण की अंतिम तिथि होगी। इस दिन जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो सकेगा, उन्हें मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा।

ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्ची पर गेहूं और चावल का मूल्य ह्यशून्यह्न प्रदर्शित होगा। यह पर्ची उचित दर विक्रेता द्वारा प्रत्येक कार्डधारक को उपलब्ध कराई जाएगी।

### समस्या होने पर इन नंबरों पर करें शिकायत

खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर लाभार्थी संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी या पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1967 और 1800-1800-150 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

जिला पूर्ति विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपनी नजदीकी उचित दर दुकान से निःशुल्क खाद्यान्न अवश्य प्राप्त कर लें।

सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाओं के लिए 5 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना समेत कई योजनाओं में मत्स्य पालकों और इच्छुक आवेदकों को मिलेगा अवसर

ब्यूरो रिपोर्ट समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। 03 अगस्त 2026। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए मत्स्य पालक एवं इच्छुक आवेदक 5 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक मत्स्य निरीक्षण, गौतमबुद्धनगर हरीशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आवेदन विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in के माध्यम से किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, सघन मत्स्य पालन के लिए एरेशन सिस्टम स्थापना योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना सहित विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इसके अलावा माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तीकरण परियोजना के तहत पात्र जनपदों में केज स्थापना, अंतदेर्शीय खारे जल क्षेत्रों में नए तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश, उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना सहित अन्य योजनाओं का भी लाभ लिया जा सकता है।

### वेबसाइट पर उपलब्ध है पूरी जानकारी

विभाग के अनुसार योजनाओं का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवेदन के साथ लगाए जाने वाले आवश्यक अभिलेख विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। पूर्व वर्षों में जिन आवेदनों को निरस्त किया गया था या जो आवेदन प्रतीक्षारत हैं, ऐसे आवेदक भी पुनः ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में योजना के प्रावधानों में कोई संशोधन होने पर संशोधित प्रावधान ही प्रभावी होंगे।

### विकास भवन में भी ले सकते हैं जानकारी

योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय, कक्ष संख्या-305, द्वितीय तल, विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# खरीफ फसलों को कीट-रोगों से बचाने के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

## धान, मक्का, मूंगफली, अरहर, उड़द, मूंग और सब्जियों के लिए किसानों को दिए गए फसलवार बचाव एवं नियंत्रण के सुझाव

संदीप गर्ग/समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। 03 अगस्त 2026। तापमान में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच खरीफ फसलों में विभिन्न कीट एवं रोगों के प्रकोप की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए फसलवार एडवाइजरी जारी की है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे ने जनपद के किसानों से समय रहते आवश्यक सावधानियां अपनाने और विभाग द्वारा सुझाए गए उपायों का पालन करने की अपील की है।

कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि समय पर कीट एवं रोगों की पहचान और उचित प्रबंधन से फसलों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इससे किसानों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

### धान में खरपतवार और कीटों से बचाव

धान की रोपाई वाली फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए पेनोक्ससुलम या बिसपाइरीबेक सो-डियम का निर्धारित मात्रा में प्रयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं, सीधी बुवाई वाले धान में बेन्सल्फ्युरान मिथाइल या ऑक्सीफ्लोरफेन के प्रयोग की संस्तुति की गई है। संकरी एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए ब्युटाक्लोर अथवा प्रेटीलाक्लोर के निर्धारित मात्रा में प्रयोग की सलाह दी गई है।

तना बेधक और पत्ती लपेटक की निगरानी के लिए प्रति एकड़ 4-5 फेरोमोन ट्रैप लगाने की सलाह दी गई है। अंड समूह दिखाई देने पर ट्रा-इकोग्रामा की निर्धारित मात्रा का प्रयोग किया जा सकता है। आवश्यकता के अनुसार विभाग ने रासायनिक नियंत्रण के लिए भी विभिन्न कीटनाशकों के प्रयोग की संस्तुति की है।

धान में हरे, भूरे और सफेद पीठ वाले फुदकों के प्रकोप की स्थिति में बेंजीपायरीमोक्सान अथवा एजा-डिरेक्टिन के निर्धारित मात्रा में छिड़काव की सलाह दी गई है। वहीं जीवाणु झुलसा एवं जीवाणुधारी रोग से बचाव के लिए स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंस तथा अनुशंसित रसायनों के प्रयोग की जानकारी दी गई है।

### मक्का में तना बेधक और फॉल आर्मी वर्म पर निगरानी

मक्का की फसल में तना बेधक कीट का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर तक पहुंचने पर अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। फॉल आर्मी वर्म से बचाव के लिए प्रति हेक्टेयर 20-25 पक्षी आश्रय और 3-4 प्रकाश प्रपंच लगाने तथा 35-40 फेरोमोन ट्रैप के माध्यम से निगरानी एवं प्रबंधन करने की सलाह दी गई है। प्रकोप की स्थिति में विभाग द्वारा अनुशंसित कीटनाशकों का प्रयोग करने को कहा गया है।

### मूंगफली में बीजशोधन पर जोर

मूंगफली की बुवाई से पहले बीजशोधन करने की सलाह दी गई है। इसके लिए थिरम एवं कार्बेन्डाजिम अथवा ट्राइकोडर्मा से बीज उपचारित करने को कहा गया है। भूमि जनित कीट एवं रोगों से बचाव के लिए ट्राइकोडर्मा और ब्युवेरिया बेसियाना को गोबर की खाद में मिलाकर निर्धारित अवधि तक छाया में रखने के बाद अंतिम जुताई के समय खेत में मिलाने की सलाह दी गई है।

मूंगफली में टिक्का रोग की रोकथाम के लिए बिटरटेनोल अथवा हेक्स-ाकोनाजोल के निर्धारित मात्रा में छिड़काव की सलाह दी गई है।

### अरहर, उड़द और मूंग में बीजशोधन जरूरी

अरहर, उड़द और मूंग जैसी दलहनी फसलों को मृदा जनित रोगों से बचाने के लिए ट्राइकोडर्मा और ब्युवेरिया बेसियाना के प्रयोग की सलाह दी गई है। इन्हें गोबर की खाद में मिलाकर निर्धारित अवधि तक छाया में रखने के बाद अंतिम जुताई के समय मिट्टी में मिलाने की सलाह दी गई है।

अरहर सहित अन्य दलहनी फसलों के बीजों को बुवाई से पहले ट्रा-इकोडर्मा से उपचारित करने की सलाह दी गई है। विभाग के अनुसार इससे बीज जनित रोगों से फसल को बचाने में मदद मिल सकती है।

### सब्जियों में भी कीट नियंत्रण की सलाह

सब्जी वर्गीय फसलों में भी विभिन्न कीटों की रोकथाम के उपाय बताए गए हैं। बैंगन में फल एवं तना बेधक कीट के नियंत्रण के लिए ब्रोफ्लोनिलाइड के निर्धारित मात्रा में छिड़काव की सलाह दी गई है। वहीं मिर्च में थ्रिप्स और फल बेधक कीट के नियंत्रण के लिए सायंट्रानिलीप्रोल अथवा एमामेक्टिन बेंजोएट के निर्धारित मात्रा में छिड़काव की संस्तुति की गई है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि किसी भी कीट या रोग का प्रकोप दिखाई देने पर फसल की स्थिति के अनुसार कृषि विशेषज्ञों की सलाह लें तथा अनुशंसित मात्रा और विधि के अनुसार ही कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग करें। समय पर निगरानी और उचित प्रबंधन से खरीफ फसलों को संभावित नुकसान से बचाया जा सकता है। सौजन्य : सूचना विभाग,

विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सेक्टर-115 के क्रिकेट मैदान के आसपास हुई जांच, अवैध शराब नहीं मिली

# सोरखा में आबकारी विभाग की छापेमारी, कई कैफे और रेस्तरां खंगाले

संदीप गर्ग/समाज जागरण




नोएडा। 03 अगस्त 2026। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश तथा जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग की टीम ने सोरखा क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की।

जिला आबकारी अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में 2 अगस्त को आबकारी विभाग की टीम ने सेक्टर-115 स्थित क्रिकेट मैदान के आसपास स्थित फुरसत के पल, रसोइया, पफ एंड स्पाइस, हैश टैग तथा क्रेजी चाय कैफे एंड रेस्टोरेंट सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों में अवैध शराब की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित गतिविधियों की जांच की। विभाग के अनुसार जांच के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान से किसी प्रकार की अवैध शराब बरामद नहीं हुई।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा। विभागीय टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# सावन में मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क

## एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने सेक्टर-20 क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और पूजा स्थलों का किया निरीक्षण



संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। 03 अगस्त 2026। सावन माह के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश और डीसीपी नोएडा साद मियां खान के निर्देशन में एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में पुलिस बल के साथ प्रमुख मंदिरों एवं पूजा स्थलों का निरीक्षण किया।

पुलिस अधिकारियों ने मंदिरों और पूजा स्थलों के आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहन जांच की गई।

पुलिस टीमों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन क्षेत्रों में पुलिस की प्रभावी निगरानी बनाए रखने के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा में तैनात कर्मियों को सावन माह के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भीड़ के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस का कहना है कि सावन माह के दौरान प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# ईकोटेक-3 पुलिस ने 13 किलो 400 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपियों को दबोचा

## लखनावली मार्ग स्थित डंपिंग यार्ड के पास हुई कार्रवाई, डैटसन गो प्लस वाहन भी बरामद

समाज जागरण संवाददाता



ग्रेटर नोएडा। 03 अगस्त 2026। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 13 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद करने के साथ एक डैटसन गो प्लस वाहन भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 3 अगस्त को थाना ईकोटेक-3 पुलिस टीम ने लखनावली मार्ग स्थित डंपिंग यार्ड के पास जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उनके कब्जे से गांजा बरामद हुआ।

क्षेत्र में जनहित से जुड़े विषयों पर निरंतर कार्य किए जाने की आवश्यकता पर भी विचार साझा किए। वहीं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए राजेंद्र पंडित की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजहित से जुड़े कार्यों में सभी वर्गों की सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है।

दोनों के बीच भविष्य में भी सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में सहयोग के साथ आगे बढ़ने को लेकर चर्चा हुई। यह शिष्टाचार भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# मेरठ-गढ़मुक्तेश्वर हाईवे पर अधूरे ओवरब्रिज बने मुसीबत, बारिश में बढ़ा हादसों का खतरा

**किठौर, भटीपुरा, मऊ खास और सिसौली गोल चक्कर पर अधूरा निर्माण बना परेशानी का सबब, कीचड़ और मिट्टी कटान से वाहन चालकों में भय**

समाज जागरण संवाददाता

मेरठ। 03 अगस्त 2026। मेरठ-गढ़मुक्तेश्वर हाईवे पर लंबे समय से निर्माण कार्य बंद होने के कारण कई स्थानों पर अधूरे पड़े ओवरब्रिज अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बरसात के मौसम में इन अधूरे निर्माण स्थलों पर मिट्टी का कटान होने से सड़क पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति पैदा हो रही है, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

हाईवे पर किठौर, भटीपुरा, मऊ खास और सिसौली गोल चक्कर के पास ओवरब्रिज निर्माण से संबंधित कार्य अधूरा पड़ा है। बारिश होने के बाद निर्माण स्थलों के आसपास की मिट्टी बहने लगती है और सड़क पर कीचड़ जमा हो जाता है। ऐसे में बाइक, टेंपो, कार सहित हल्के वाहनों के चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कीचड़ में फिसलकर गिर रहे वाहन

स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के दौरान हाईवे पर कई जगह फिसलन इतनी बढ़ जाती है कि वाहन चालकों के लिए नियंत्रण बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन विशेष रूप से इसकी चपेट में आ रहे हैं। कई बार वाहन चालक कीचड़ में फिसलकर गिर भी जाते हैं।




स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन स्थानों पर मिट्टी को व्यवस्थित कर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तथा अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा नहीं कराया गया तो किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है।

### सड़क किनारे उगी घास भी बयां कर रही बदहाली

हाईवे पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज के आसपास काफी मात्रा में घास और झाड़ियां उग आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बढ़ी घास और झाड़ियों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा है। झाड़ियों और अव्यवस्थित निर्माण सामग्री के कारण सड़क पर दृश्यता और आवागमन प्रभावित होने की आशंका भी बनी रहती है। बारिश के दौरान स्थिति और अधिक खराब हो जाती है।

### जल्द निर्माण पूरा कराने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि मेरठ-गढ़मुक्तेश्वर हाईवे पर अधूरे पड़े सभी ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही बरसात के दौरान मिट्टी कटान रोकने, जल निकासी की व्यवस्था करने और सड़क पर जमा कीचड़ को हटाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

लोगों का कहना है कि हाईवे पर रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। ऐसे में अधूरे निर्माण स्थलों को सुरक्षित बनाए बिना आवागमन जारी रखना दुर्घटना को न्योता देने के समान है। संबंधित विभाग को जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने के आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप; क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिए बयान, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन**

समाज जागरण संवाददाता

मेरठ। 03 अगस्त 2026। मेरठ जनपद के ग्राम समयपुर, विकासखंड रजपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक पर विद्यार्थियों को कथित रूप से प्रताड़ित करने और बच्चों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के साथ अनुचित व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

प्रकरण की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी किठौर सौम्या अस्थाना पुलिस बल के साथ थाना मुंडाली क्षेत्र स्थित विद्यालय पहुंचीं। पुलिस टीम ने शिकायतकताओं, विद्यालय के शिक्षकों और ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली तथा उनके बयान दर्ज किए।

### प्रधानाध्यापक ने भी लगाए शिक्षक पर आरोप

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने संबंधित शिक्षक के खिलाफ शिकायतों की पुष्टि करते हुए आरोप लगाया कि उक्त शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय नहीं पहुंचता है। प्रधानाध्यापक के अनुसार शिक्षक का बच्चों, साथी शिक्षकों और अभिभावकों के साथ व्यवहार भी उचित नहीं रहता।

मामले की जानकारी मिलने पर



विद्यालय परिसर में मौजूद ग्रामीणों ने भी संबंधित शिक्षक के व्यवहार को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों चुन्नी, खजान सिंह, पवन, सोनम, मुनेश, रानी, सन्नो और संजना ने विद्यार्थियों के साथ कथित प्रताड़ना के आरोपों पर रोष व्यक्त करते हुए शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की।

### बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी के नहीं पहुंचने पर सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की गंभीरता के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कोई अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा। कुछ ग्रामीणों ने संबंधित शिक्षक की विभागीय अधिकारियों से कथित मिलीभगत होने की आशंका भी जताई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। शिक्षक का पक्ष और विभागीय अधिकारियों की प्रतिक्रिया भी सामने आना बाकी है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : सीओ

क्षेत्राधिकारी किठौर सौम्या अस्थाना ने बताया कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। शिकायतकर्ता, शिक्षकों और ग्रामीणों के बयान लिए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की जांच पूरी होने और शिक्षा विभाग की ओर से तथ्य सामने आने के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# संदीप परमार ने संभाला विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग का पदभार

**पदोन्नति के बाद मिली नई जिम्मेदारी, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं**

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। 03 अगस्त 2026। उत्तर प्रदेश शासन के माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारी संदीप परमार ने पदोन्नति के बाद सोमवार को विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नई जिम्मेदारी संभालने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

बताया गया कि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने सचिवालय सेवा के अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती वाले विभाग में ही विशेष सचिव पद पर नियमित पदोन्नति प्रदान किए जाने



को मंजूरी दी है। इसी क्रम में संदीप परमार को माध्यमिक शिक्षा विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सनातन संस्कृति और भगवान श्रीराम के सम्मान से कोई समझौता नहीं : महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज

**भगवा और प्रभु श्रीराम के कथित अपमान को लेकर जताई नाराजगी, बोले—धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें जनप्रतिनिधि**

रविंद्र आर्य/समाज जागरण

मथुरा। दिनांक-पंक्ति : 03 अगस्त 2026। संसद परिसर में भगवा वस्त्र और भगवान श्रीराम के कथित अपमान को लेकर अध्यात्म गुरु महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भगवा केवल वस्त्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, त्याग, तपस्या और राष्ट्रधर्म का प्रतीक है। इसी प्रकार भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था और मयार्दा के सर्वोच्च आदर्श हैं। ऐसे में उनके प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी या व्यवहार को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि संसद देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। यहां प्रत्येक जनप्रतिनिधि से गरिमा, मयार्दा और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आचरण की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों पर बयान देते समय विशेष संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि के बयान अथवा आचरण से करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं तो संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। साथ ही भविष्य में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न न हों, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए।



### शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से रखें अपनी बात

महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने देशवासियों से अपील की कि धार्मिक भावनाओं से जुड़े संवेदनशील मामलों में कानून और संविधान का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म, भगवा ध्वज और भगवान श्रीराम भारतीय सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। इनसे जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी अत्यंत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ की जानी चाहिए।

स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि संसद की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान लोकतांत्रिक व्यवस्था में समान रूप से महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों को अपने सार्वजनिक आचरण के माध्यम से समाज में मयार्दा और सौहार्द का संदेश देना चाहिए।

# ‘दिल से दिल तक कुछ ख्वाब कुछ हकीकत’ का हुआ लोकार्पण, कवि सम्मेलन में गूंजीं साहित्यिक रचनाएं

**नीदरलैंड्स के प्रवासी साहित्यकार विश्वास दुबे के काव्य संग्रह का अणुव्रत भवन में विमोचन, प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव ने की अध्यक्षता**

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। 03 अगस्त 2026। प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था सोपान के तत्वावधान में रविवार को नई दिल्ली के आईटीओ स्थित अणुव्रत भवन में नीदरलैंड्स के प्रवासी साहित्यकार विश्वास दुबे के नव प्रकाशित काव्य संग्रह ‘दिल से दिल तक कुछ ख्वाब कुछ हकीकत’ का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव ने की।

अध्यक्षीय संबोधन में पंडित सुरेश नीरव ने कहा कि विश्वास दुबे के काव्य संग्रह की रचनाएं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई हैं तथा मानवीय मूल्यों के संवर्धन के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनकी कविताएं समाज में नई आशाओं और सकारात्मक भावनाओं का संचार करती हैं।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक एवं प्रतिष्ठित गजलकार विजय स्वर्णकार ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक




चिह्न प्रदान कर पंडित सुरेश नीरव का सम्मान किया।

### कवि सम्मेलन में रचनाकारों ने बांधा समां

लोकार्पण समारोह के दूसरे चरण में सरस कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका संचालन नीदरलैंड्स से आए प्रवासी कवि विश्वास दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध राजनयिक शिव मोहन सिंह तथा प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. विनोद प्रकाश गुप्ता ‘शलभ’ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कवि गोष्ठी में माधुरी स्वर्णकार, अरविंद असर, मधु मिश्रा, निशा श्रीवास्तव, आनंद खत्री, संगीता चौहान बिष्ट, जगदीश मीणा, बी.के. शोभा, डॉ. सीमा वत्स, रितेश वर्मा, गुरचरण मेहता रजत, रजनीश गोयल, डॉ. बबिता किरण, ममता सिंह राठौड़, डॉ. नेहा गौड़, आशीष कपूर और नंदिता तनुजा सहित अनेक प्रतिष्ठित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

कवियों की विविध रचनाओं ने उपस्थित साहित्यप्रेमियों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, समाज और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े विषयों पर रचनात्मक अभिव्यक्तियों ने आयोजन को यादगार बना दिया।

# सोरखा गांव में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं को मिली रफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 03 अगस्त 2026। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्राम सोरखा में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से गांव में सड़क, नाली निर्माण तथा श्मशान घाट के जीर्णोद्धार सहित बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्राधिकरण के अनुसार, सेक्टर-116 टी-पॉइंट तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण के लिए करीब 84 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा श्मशान घाट के जीर्णोद्धार पर लगभग 1.10 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

वहीं, मोहन राम मंदिर गली तथा आसपास की गलियों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण के लिए करीब 1.13 करोड़ रुपये की परियोजना पर कार्य चल रहा है।

# आर्य केंद्रीय सभा के द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

**डॉ. वीरेंद्र नाथ सरदाना अध्यक्ष, कृष्ण कुमार यादव महामंत्री और महिपाल सिंह तोमर कोषाध्यक्ष निर्वाचित**

समाज जागरण संवाददाता

गाजियाबाद। 03 अगस्त 2026। आर्य केंद्रीय सभा गाजियाबाद की साधारण सभा की बैठक सोमवार को आर्य समाज नया आर्य नगर, मेरठ रोड में आयोजित की गई। बैठक सत्यवीर चौधरी की अध्यक्षता में ईश्वर स्तुति, प्रार्थना एवं उपासना के साथ प्रारंभ हुई। इस दौरान सभा के द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

बैठक में मंत्री नरेंद्र पांचाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। कोषाध्यक्ष संत लाल मिश्र ने चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित द्विवार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी श्रद्धानंद शर्मा एवं पर्यवेक्षक विजय पाल कसाना के नेतृत्व में सर्वसम्मति से डॉ. वीरेंद्र नाथ सरदाना को अध्यक्ष, कृष्ण कुमार यादव को महामंत्री तथा महिपाल सिंह तोमर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही नई कार्यसमिति के चयन का अधिकार भी नवनिर्वाचित



पदाधिकारियों को सौंपा गया।

### वेद प्रचार को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र नाथ सरदाना ने अध्यक्ष चुने जाने पर आर्य प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभा वेद प्रचार के कार्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की।

नवनिर्वाचित महामंत्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि सभा के पदाधिकारियों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से स्वामी दयानंद जन्मोत्सव, आर्य समाज स्थापना दिवस, ऋषि बोधोत्सव एवं श्रद्धानंद बलिदान दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज से अंधविश्वास, पाखंड, जातिभेद और अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों को दूर करने का अभियान चलाया। उन्होंने वैदिक शिक्षा, स्त्री शिक्षा, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय जैसे आधुनिक जीवन मूल्यों को वैदिक दृष्टिकोण के साथ स्थापित करने का कार्य किया। आज आवश्यकता है कि उनके सामाजिक सुधार के अभियान को आगे बढ़ाया जाए।

### युवाओं में वैदिक संस्कृति के प्रचार पर जोर

कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर ने कहा कि आर्य समाज को युवाओं के बीच वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अपनी वैचारिक शक्ति का उपयोग करना चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ी वैदिक संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकेगी।

नवनिर्वाचित मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने कहा कि उन्होंने पूर्व में कई वर्षों तक सभा के महामंत्री पद का दायित्व निभाया है। अब वे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर निकलने वाली विशाल शोभायात्रा को भी सभी के सहयोग से भव्य रूप से महानगर में आयोजित किया जाएगा। बैठक का समापन शांतिपाठ एवं जलपान के साथ हुआ।

# एसीईओ वंदना त्रिपाठी एवं सतीश पाल की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 03 अगस्त 2026। सेक्टर-96 स्थित नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन में सोमवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी एवं श्री सतीश पाल ने की। जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ कार्याधिकारी, महाप्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं प्रार्थना-पत्रों को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान न होने देने पर जोर दिया। प्राधिकरण की ओर से संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के विशेष प्रयास से सावन मेला को मिला नया स्वरूप, पहली सोमवारी पर हुआ भव्य शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

3 अगस्त। सावन की पहली सोमवारी के पावन अवसर पर शहर के ऐतिहासिक भूतनाथ मंदिर परिसर में आयोजित सावन मेला का शुभारंभ सोमवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य रूप से हुआ। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के विशेष प्रयासों से सावन मेला के विकास, सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके फलस्वरूप इस वर्ष मेले को पहले की अपेक्षा अधिक आकर्षक, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक स्वरूप प्रदान किया गया है।



भूतनाथ कांवड़िया सेवा समिति द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष डॉ. इच्छित भारत, नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, किशनगंज के सचिव मिक्की साहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों एवं श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को सावन मेला की शुभकामनाएं देते हुए मेले के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संचालन की कामना की।

भूतनाथ कांवड़िया सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. इच्छित भारत ने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री जी के विशेष सहयोग से इस वर्ष मेले के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बेहतर साफ-सफाई, आकर्षक विद्युत सज्जा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक कर सकें।

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, किशनगंज के सचिव मिक्की साहा ने बताया कि पहली सोमवारी को सुबह से ही हजारों शिवभक्त एवं कांवरियों ने भूतनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेड क्रॉस की ओर से स्वयंसेवकों की तैनाती के साथ आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि मेले का संचालन व्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से हो सके।

पहली सोमवारी के अवसर पर मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र 'बोल बम' एवं 'हर-हर महादेव' के जयघोष से देर शाम तक गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मेले की आकर्षक सजावट, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य एवं बेहतर आयोजन बताया।

# मुजफ्फरपुर में बिहार-झारखंड प्रादेशिक माहेश्वरी सभा का अधिवेशन संपन्न, मनोज डागा बने नए अध्यक्ष

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

2 अगस्त। बिहार-झारखंड प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सत्र 2023-26 की अंतिम बैठक एवं नए सत्र 2026-29 के गठन के अवसर पर रविवार को मुजफ्फरपुर में भव्य अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में सर्वसम्मति से मनोज डागा (मुजफ्फरपुर) ने अध्यक्ष तथा गोविंद बिहानी ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की।



कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज देशभर में जनकल्याण, सेवा और सामाजिक उत्थान के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को पीने के पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए जागरूक होना चाहिए।

अधिवेशन में किशनगंज माहेश्वरी सभा के नौ सदस्य शामिल हुए। सभा की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा विश्वास व्यक्त किया गया कि नई टीम समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति देगी। साथ ही भविष्य में हर स्तर पर संगठन को सहयोग देने का भी आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम में बिहार-झारखंड महिला मंडल की सचिव आंचल झंवर, किशनगंज माहेश्वरी सभा के सचिव प्रदीप मुंदड़ा, राजकुमार माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मनोज बिहानी, सुबोध माहेश्वरी, आशीष झंवर, शरद मुंदड़ा एवं सौरव सोमानी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड

# उत्तक्रमित उच्च विद्यालय सरैयाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, मधु कुमारी अध्यक्ष निर्वाचित

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पदमा। उत्तक्रमित उच्च विद्यालय सरैयाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव की अध्यक्षता सरैया पंचायत की मुखिया शांति देवी ने की। चुनाव के दौरान समिति के विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।



सर्वसम्मति से मधु कुमारी को अध्यक्ष, दयानंद कुमार मेहता को उपाध्यक्ष तथा सोनी देवी को संयोजिका चुना गया। इसके साथ ही समिति के लिए 15 सदस्यों का भी मनोनयन किया गया।

चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर पदमा प्रखंड के चुनाव प्रभारी सीआरपी प्रविंद कुमार सिंह, प्रभु साव, प्रखंड उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार राणा, पूर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पांडेय, वार्ड सदस्य टिंकू कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटि रहित होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला-बीडीओ

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार ने की। इसके पहले दिन सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं वॉलिंटियर्स को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, दावा एवं आपत्ति के निष्पादन, नोटिस निर्गत करने तथा मतदाताओं के सत्यापन संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ ने निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों



को ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता के साथ करने का निर्देश दिया। कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटि रहित होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। शिविर में मतदान केंद्र संख्या एक से 59 तक के संबंधित वांछित कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं मंगलवार को प्रथम पाली में मतदान केंद्र संख्या 60 से 110 तथा दोपहर बाद 111 से 144 तक के सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गंगा राम साह, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रेमचंद किस्कू, बीपीओ अजीत सिंह के अलावा भवेश कुमार, मोहम्मद मफिजुद्दीन, अजीत कुमार सिंह,जुली कुमारी,किरण मिश्रा, रूबी देवी, स्नेह लता भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा समाज महिला समिति का सावन मिलन समारोह संपन्न, विधायक पूर्णिमा दास साहू ने महिलाओं को किया सम्मानित

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज महिला समिति के तत्वावधान में रविवार को बाराद्वारी स्थित विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन में पारंपरिक उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर सावन मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर सावन पर्व की खुशियों को एक साथ साझा किया। समारोह की मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला समिति की अध्यक्षा मीरा शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन सचिव विनीत शर्मा ने किया। समारोह में उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, सहसचिव ऋतु विश्वकर्मा एवं चंदा शर्मा, संगठन मंत्री वंदना शर्मा, कोषाध्यक्ष अमृता शर्मा, मुख्य संगठन मंत्री मीना शर्मा तथा मीडिया प्रभारी पप्पी शर्मा सहित समिति की सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती जनक किशोरी देवी, उषा शर्मा, पार्षद नीतू शर्मा, डीएवी विद्यालय की शिक्षिका संगीता शर्मा, समाजसेवी संगीता शर्मा तथा अधिवक्ता संगीता शर्मा मौजूद रहीं। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और समाज में इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा दास साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति और विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की भी मजबूत शक्ति हैं। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वकर्मा समाज महिला समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने समिति की सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

सावन मिलन समारोह के दौरान महिलाओं ने सावन गीतों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समां बांध दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सावन की उमंग और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मनोरंजक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

समारोह का मुख्य आकर्षण मेहंदी प्रतियोगिता, रैंप वॉक, डांस प्रतियोगिता एवं सावन क्वीन प्रतियोगिता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में खुशबू शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सावन क्वीन प्रतियोगिता में पूजा शर्मा को सावन क्वीन का ताज पहनाया गया। रिया शर्मा एवं कुसुम शर्मा को प्रथम रनर-अप घोषित किया गया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं के बीच रिटर्न गिफ्ट, मिठाई एवं सुहाग सामग्री का वितरण किया गया तथा सभी को सावन पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। अंत में महिला समिति की अध्यक्षा मीरा शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से ही यह आयोजन भव्य एवं सफल बन सका। बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे समारोह को यादगार बना दिया। सावन के पारंपरिक रंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक सौहार्द से परिपूर्ण यह आयोजन विश्वकर्मा समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।

# सावन की सोमवारी पर हरिणा मुक्तेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, विधायक संजीव सरदार ने की पूजा-अर्चना

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पोटकाः कोल्हान के प्रसिद्ध शिवालय एवं श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र हरिणा स्थित मुक्तेश्वर धाम में सावन की सोमवारी के अवसर पर भक्तिभाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हिंदी भाषियों का पहला तथा बंगाली भाषियों का तीसरा सावन सोमवार होने के कारण सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु मुक्तेश्वर धाम पहुंचे। मंदिर परिसर पूरे दिन "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालु लंबी कतारों में घंटों इंतजार करने के बाद बाबा मुक्तेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते रहे। देर शाम तक मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा।



सावन की सोमवारी के पावन अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार भी सपरिवार एवं अपने समर्थकों के साथ हरिणा मुक्तेश्वर धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद विधायक ने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि हरिणा मुक्तेश्वर धाम झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। सावन माह में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की ओर से मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया गया है, जो अब अंतिम चरण में है। जल्द ही यहां विकसित किए गए बायो डायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे यह स्थल धार्मिक महत्व के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी और अधिक आकर्षक बनेगा।

श्रद्धालुओं के धार्मिक उत्साह और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विधायक संजीव सरदार की पहल पर मंदिर प्रांगण में झांकी एवं भक्ति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भक्ति संगीत, शिव-पार्वती एवं अन्य धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कांवरिया और श्रद्धालु पूरे दिन भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। धार्मिक वातावरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मुक्तेश्वर धाम की भव्यता को और भी बढ़ा दिया।

विधायक ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह को देखते हुए भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सावन माह की अंतिम सोमवारी तक लगातार आयोजित किया जाएगा, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक वातावरण के साथ सांस्कृतिक आनंद भी मिल सके।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था को लेकर कोवाली पुलिस प्रशासन और स्थानीय मंदिर कमेटी पूरे दिन सक्रिय रही। मंदिर परिसर और प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने, दर्शन व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए स्वयंसेवकों और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रशासन एवं मंदिर कमेटी के समन्वित प्रयासों से पूरे दिन श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में भगवान भोलेनाथ का दर्शन और जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर बज्रांकन दंडपात, दीपंकर सीट, देव पालित, सागर सीट, अनिरुद्ध नायक, रोहित राम, संस्कार कुमार, दीपक सरदार, सरोज सीट, रूपक सीट, अमल सीट, सूरज नायक, राहुल सरकार, सितांशु नायक, खिरोद सीट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में आजसू का भव्य मिलन समारोह, सैकड़ों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर आजसू पार्टी की ओर से सोमवार को बिष्टुपुर स्थित निर्मल गेस्ट हाउस में भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। समारोह में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन के विस्तार और युवाओं के बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस तथा जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने नवसदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया और विधिवत सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सभी नवसदस्यों को पार्टी की नीति, सिद्धांत एवं जनहित के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान शुभम भारद्वाज के नेतृत्व में आशिफ खान एवं सुमित कश्यप ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेतृत्व ने सभी नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के युवाओं का बढ़ता विश्वास इस बात का संकेत है कि आजसू पार्टी युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं की सशक्त आवाज बनकर उभर रही है। नेताओं ने कहा कि संगठन में लगातार नए लोगों के जुड़ने से पार्टी की जनाधार और संगठनात्मक क्षमता दोनों मजबूत हो रही हैं।

पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी हमेशा युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों तथा आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की समस्याओं का समाधान कर उन्हें न्याय दिलाना है। उन्होंने नवसदस्यों से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और जनहित की नीतियों को गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की सोच को ले जाएं।

जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आने वाले दिनों में जनहित के मुद्दों पर पार्टी का आंदोलन और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और युवाओं की ऊर्जा संगठन को नई दिशा देने का काम करेगी।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी में शामिल होने वालों में आशिफ खान, सुमित कश्यप, अतुल कुमार, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, बिनेश्वर कुमार, मृत्युंजय सिंह, राकेश रोशन, मनीष सिंगा रातपुय, शुभम कुमार, अविनाश सिन्हा, देबासिस मोदक, अतुल किस्नोव गुप्ता, मनीष सिंह, रूपेश कुमार, वियाश के.वी., प्रशांत, रोहित घंटा, मृत्युंजय उर, रोशन, सूर्य झा सहित सैकड़ों युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की।

मिलन समारोह में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, चन्देश्वर पांडेय, लालन झा, धनेश कर्मकार, दीपक पांडेय, ललित सिंह, जमाल भाई, विकास महतो, मंटू शुक्ला, छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू कुमार साह तथा नगर अध्यक्ष राज सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया। पूरे समारोह में संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं के इस बढ़ते जुड़ाव से आने वाले समय में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों पर आजसू पार्टी की भूमिका और प्रभाव दोनों मजबूत होंगे।

# तारापुर के बोल बम सेवा शिविर में विधायक सरयू राय ने की कांवड़ियों की सेवा, रुद्राभिषेक में लिया भाग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर/तारापुरः सावन माह की पवित्र सोमवारी पर बिहार के तारापुर स्थित बोल बम सेवा ट्रस्ट, जमशेदपुर द्वारा संचालित सेवा शिविर में श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय सोमवार को सेवा शिविर पहुंचे और कांवड़ियों की सेवा में स्वयं भागीदारी निभाते हुए अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। इसके साथ ही उन्होंने शिविर परिसर में आयोजित रुद्राभिषेक में शामिल होकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।



सावन की सोमवारी होने के कारण सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए सेवा शिविर में पहुंचते रहे। सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से व्यापक सेवा व्यवस्था की गई थी। शिविर में पहुंचने वाले कांवड़ियों का स्वयंसेवकों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया और उनकी हर आवश्यक सुविधा का विशेष ध्यान रखा। पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, लेकिन सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए चाय, शुद्ध पेयजल, नींबू पानी, नाश्ता और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई थी। लंबी और कठिन पैदल यात्रा से थके हुए कांवड़ियों ने शिविर में विश्राम किया और भोजन ग्रहण कर अपनी यात्रा आगे बढ़ाई। स्वयंसेवक पूरी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ हर श्रद्धालु की सहायता में जुटे रहे। भोजन वितरण से लेकर पेयजल उपलब्ध कराने तथा विश्राम की व्यवस्था तक सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और सेवा का पर्व है। कांवड़ियों की निस्वार्थ सेवा करना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि भगवान भोलेनाथ की सच्ची उपासना भी है। उन्होंने कहा कि बोल बम सेवा ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से श्रद्धालुओं की सेवा का जो कार्य कर रहा है, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग, समर्पण और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को भी सेवा का संदेश देते हैं। विधायक ने शिविर में मौजूद स्वयंसेवकों के समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ के श्रद्धालुओं की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रखने का आह्वान किया।

शिविर में पहुंचे अनेक कांवड़ियों ने भी बोल बम सेवा ट्रस्ट की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। श्रद्धालुओं ने कहा कि लंबी पदयात्रा के दौरान इस प्रकार के सेवा शिविर उन्हें नई ऊर्जा और राहत प्रदान करते हैं। स्वच्छ भोजन, शुद्ध पेयजल और आत्मीय व्यवहार के कारण यात्रा अधिक सहज और सुखद बन जाती है। कई श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की सेवा भावना को अनुकरणीय बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

सावन की सोमवारी पर आयोजित इस सेवा शिविर में भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। विधायक सरयू राय की सहभागिता तथा बोल बम सेवा ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा का भाव भी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है।

# शिव भक्तों ने किया रामेश्वर महादेव का दर्शन पूजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। पंचकोशी तीर्थ धाम रामेश्वर महादेव मन्दिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जलाभिषेक के लिए भक्त सुबह 5 बजे भोर से दोपहर 12 बजे तक भीड़ लगा रहा।दोपहर बाद भक्तों की संख्या में कमी होती दिखाई दी। भक्तजन लोटे में जल ,बेल पत्र, धतूर, मनार फूल सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर हर हर महादेव उदघोष करते हुए जलाभिषेक करना प्रारम्भ किया जिसमें महिलाओं की भीड़ अधिक रही।सुरक्षा को लेकर पंचकोशी मार्ग पर बड़े वाहनों के आवागमन को बंद कर दिया गया था और सादे वर्दी में भी पुलिस बल की तैनाती रही ,घाट पर जल पुलिस तैनात रही। मन्दिर के पुजारी आचार्य प0 अन्नू तिवारी के अनुसार गत वर्ष की अपेक्षा अधिक भक्तों ने प्रथम सोमवार को दर्शन - पूजन किया। पूरे मन्दिर परिसर में 8 सीसीटीवी व लाउडस्पीकर संग सुरक्षा की व्यवस्था रही। ग्रामीण क्षेत्र बरेमा कामेश्वर महादेव मंदिर,गोसाईपुर शिव मंदिर,जंसा बम भोला बाबा मंदिर सहित के अन्य शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ ने दर्शन पूजन किया।

# सावन के पहले सोमवार को शिव भक्तों ने किया बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। सावन के पहले सोमवार के दिन भोर से ही श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बैरिकेडिंग में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। इनमें दूर-दराज से आए पुरुष व महिला कांवड़िया भी रहीं। भक्तों ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान के बाद पात्रों में जल भरकर काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर रवाना हुए। इस दौरान दशाश्वमेध, काशी विश्वनाथ मंदिर, चौक, ज्ञानवापी आदि मार्गों पर बोल बम व हर हर महादेव का उद्घोष भी करते रहे। मंदिर के गेट नंबर चार से गोदौलिया और मैदागिन तक स्टील की बैरिकेडिंग लगाई है। इसी बैरिकेडिंग से होकर श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं।

**बाबा का जलाभिषेक कर रहे यादव बंधु**

सावन में पहले सोमवार को गंगाजल से श्रीकाशी विश्वनाथ बाबा का जलाभिषेक करने के लिए धाम के रास्ते से ही यादव बंधु ललिताघाट पहुंच रहे। वहां से जल लेकर यदुवंशी वापस काशी विश्वनाथ धाम के रास्ते से बाहर निकलेंगे। उनकी निकासी भीमाशंकर गेस्ट हाउस मार्ग से कराई गई।

**भक्तों के भीड़ से पटी काशी**

शिव भक्तों की भीड़ तो वैसे काशी में हमेशा देखने को मिलती हैं लेकिन सावन के पूरे मास भर भक्तों के भीड़ से बाबा विश्वनाथ जी नगरी पटी रहती है।वही मंदिर परिक्षेत्र के साथ साथ पूरे कावरिया मार्ग पर प्रशासनिक अमला मुस्तैद दिखाई पड़े।

# हरहुआ रिंग रोड ब्रेकर के पास बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल, बीएलडब्ल्यू अस्पताल रेफर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाजिदपुर,हरहुआ स्थित रिंग रोड चौराहे के समीप ब्रेकर पर रविवार देर रात बाइक पर सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सिर में गंभीर चोट होने पर 108 एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को पीएचसी हरहुआ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बीएलडब्ल्यू अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के हाथी बाजार स्थित बंधिया गांव निवासी लाची देवी (52), पत्नी सुरेश सिंह, अपने बेटे के साथ देर रात बाइक से घर लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक वाजिदपुर रिंग रोड चौराहे के समीप ब्रेकर के पास पहुंची, पीछे बैठी लाची देवी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल महिला को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं बेटे ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर पाते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र भेजने का निर्णय लिया।

बताया गया कि घायल महिला के पति सुरेश सिंह बीएलडब्ल्यू में कार्यरत हैं। इसी कारण परिजनों के अनुरोध पर चिकित्सकों ने महिला को बीएलडब्ल्यू अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने रिंग रोड पर ब्रेकर के आसपास पर्याप्त संकेतक और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# जीजीआईसी में बाल संसद का गठन, छात्राओं ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चोलापुर में छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम नोडल शिक्षिका अंजू यादव के निर्देशन तथा विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन, चुनाव प्रचार, मतदान, मतगणना और परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं बैच अलंकरण कराया गया। प्रधानाचार्या डॉ. अनिता गिरि ने सभी निर्वाचित छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव में राधा प्रधानमंत्री, करिश्मा उपप्रधानमंत्री, उपासना शिक्षामंत्री, दीपाली उपशिक्षामंत्री, निधि वर्मा पर्यावरण मंत्री, चांदनी शर्मा उपपर्यावरण मंत्री, आशिया सांस्कृतिक मंत्री, जैनब आफरीन उपसांस्कृतिक मंत्री, नेहा पुस्तकालय मंत्री, अंजली यादव उपपुस्तकालय मंत्री, खुशी खेल मंत्री तथा आकांक्षा यादव उपखेल मंत्री निर्वाचित हुईं।कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं चंद्रिका, आरती, डॉ. रीता राय, नंदिता यादव, रंजना दूबे, डॉ. विशालाक्षी देवी, अर्चना चौबे, अनुरमा शास्त्री, प्रशस्ति मिश्रा, अनामिका, वंदना एवं अभिषेक सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# सहयोग ,सेवा धर्म एक दूसरे के जीवन मे अपनापन का मजबूत डोर बनती है।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सामाजिक समरसता समुदाय के बीच पारस्परिक सम्बन्ध तब प्रगाढ़ होते हैं जब व्यक्ति एक दूसरे परिवार को अपना समझकर उसके साथ सहयोग व सेवा धर्म का निर्वहन करता है। इससे एक दूसरे के जीवन मे अपनापन का मजबूत डोर बनती है। उक्त बातें आज भटपुरवाकला में मृतक सफाई कर्मचारी नन्हे राम के घर पहुंचकर 22 हजार रुपये की सहयोग राशि उनकी पत्नी कृष्णावती देवी को सौंपते हुए एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह व संघ के मण्डल व ब्लाक अध्यक्ष ओमकार नाथ ने संयुक्त रूप से अपने सम्बोधन में व्यक्त की।



ज्ञातव्य हो कि सफाई कर्मचारी नन्हे राम जो हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत तेवर में कार्यरत रहे। उनका अचानक निधन 25अगस्त को हो गया था। सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सहकर्मी उनके घर पहुंचकर तथागत घाट सरायमोहना तक अंतिम संस्कार में शामिल होकर सहयोग किया था। नन्हे राम एक सरल स्वभाव के लगनशील कर्मयोगी थे। अपने व्यवहार से ब्लाक के अधिकारियों,कर्मचारियो में अपनी पहचान बना रखी थी। परिवार के सभी सदस्य उनके ही भांति शांतिप्रिय व मिलनसार प्रबृत्ति के है। सहयोग ,सेवा धर्म निभाना हर सफाई कर्मचारी के संस्कार में निहित है जो आज भटपुरवाकला दुखियारी परिवार से मिलकर उनका आर्थिक सहयोग प्रदान किया। प्रतिनिधि मंडल में ओमकार नाथ मण्डल व ब्लाक अध्यक्ष, सिकन्दर आजाद ब्लाक कोषाध्यक्ष, अजय कुमार, धनन्जय कुमार,दीपचंद ,नरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, रामवृक्ष सिंह, विजय प्रताप सिंह सूबेदार प्रसाद सहित कई लोग शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस, हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

## 15 अगस्त के सभी कार्यक्रम भव्यता से आयोजित करने के निर्देश, 8 बजे सरकारी कार्यालयों और 10 बजे स्कूलों में होगा ध्वजारोहण

**समाज जागरण मीरजापुर**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सोमवार को जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान तथा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को शासन की मंशा के अनुरूप भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) विनोद कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कीर्ति कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सभी तहसीलों, नगरीय निकायों और विकास खंडों में मौन सभा, कैंडल मार्च, संगोष्ठी, निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। साथ ही सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई लघु फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री का विद्यालयों में प्रदर्शन कराया जाए तथा सभी कार्यक्रमों को 'माई भारत' पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 17 अगस्त तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। डीसी एनआरएलएम एवं परियोजना अधिकारी डूडा को 7 अगस्त तक तिरंगों का निर्माण एवं वितरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि 8 अगस्त की शाम तक प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंच सके। साथ ही एनजीओ, उद्यमियों एवं सामाजिक संगठनों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की गई।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 15 अगस्त को सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में प्रातः 8 बजे तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण किया जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं कारगिल शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाए तथा सभी सरकारी भवनों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए।

उन्होंने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, मैराथन दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फल एवं मिष्ठान वितरण, अस्पतालों, वृद्धाश्रमों, जेलों और बाल संरक्षण गृहों में सेवा कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के समूह गायन से संबंधित निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपयोगी सुझावों को अमल में लाने के निर्देश दिए।

# सांप के काटने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत, क्षेत्र में शोक

**समाज जागरण**

विंध्याचल/ मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के शिवपुर के छोटी बेदौर गांव में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम की सांप के काटने से मौत हो गई।



इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेदौर गांव निवासी मनीष का पुत्र सिद्धार्थ, उम्र लगभग डेढ़ वर्ष, रविवार शाम करीब 7 बजे अपने घर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान अचानक कहीं से आए जहरीले सांप ने उसे डस लिया। यह जानकारी परिजनों को बहुत देर में लगी जब बच्चे के मुंह से झाग निकला तो पता चला कि बच्चे के पैर में सांप काटा है। जिस पर परिजनों ने तत्काल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने घर की साफ सफाई किया तो सांप निकला था। जिसको ग्रामीणों ने सांप को अन्य स्थान पर छोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ के पिता मनीष गुजरात में किसी निजी कंपनी में कार्यरत हैं। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। इस आकस्मिक घटना से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

# गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, सैकड़ों महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**समाज जागरण**



चन्दौसी। सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आज से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य और दिव्य शुभारंभ हुआ। कथाव्यास के रूप में पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र शिष्य, प्रख्यात विद्वान पं. प्रशान्त कुमार मिश्र जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के औपचारिक प्रारंभ से पूर्व क्षेत्र में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पूर्ण उत्साह, निष्ठा और पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भ्रमण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

अनेक जन्मों के पुण्यों से मिलती है भागवत कथाः पं. प्रशान्त मिश्र प्रथम दिन की कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कथाव्यास पं. प्रशान्त कुमार मिश्र जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन से हर प्रकार के दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों का समूल नाश कर देती है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा, *"यह देवदुर्लभ कथा किसी भी मनुष्य को जीवन में तब प्राप्त होती है, जब उसके अनेक जन्मों के संचित पुण्यों का उदय होता है। श्रीमद्भागवत साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय (शब्दमयी) स्वरूप है।"

इस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में समाज के लिए एक महान प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने चन्दौसी और आसपास के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार इस ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने का भावपूर्ण निवेदन किया है। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय भक्तगण, मातृशक्ति और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने भावविभोर होकर कथा का आनंद लिया।

# मंडी समिति में रक्तदान शिविर का आयोजन, 23 रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद में गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर को सफल बनाने में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, बिजनौर के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद द्वारा लोगों को जागरूक करने एवं सहभागिता बढ़ाने में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में मंडी व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल लगभग 30 लोग रक्तदान के लिए पहुंचे, जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 23 लोग ही रक्तदान के पात्र पाए गए और उन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

मंडी सचिव सचिन शर्मा ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि रक्तदाता भी अनेक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करता है और कई बीमारियों से बचाव होता है।

मंडी निरीक्षक कुमारी खुशनुमा भी रक्तदान करने के उद्देश्य से शिविर में पहुंचीं, लेकिन हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने के कारण चिकित्सकों ने उनका रक्तदान नहीं कराया।

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को मंडी सचिव सचिन शर्मा, अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, डॉ. इदरीस अंसारी एवं अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, बिजनौर के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में अपना योगदान देना चाहिए तथा ऐसे सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से शुभम बेनीवाल, अजय सरदार, नितिन कुमार एवं रितिका प्रजापति का शिविर के सफल संचालन में विशेष सहयोग रहा।

रक्तदान करने वालों में सचिन शर्मा, अयाज आलम, ताहिर (जलालाबाद), मोइनुद्दीन अंसारी, गजेंद्र कुमार गोयल, जावेद अंसारी, इमरान अंसारी, सरफराज अहमद, फिरोज अहमद, रियासत सहित 23 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

# योगी सरकार में भर्ती प्रक्रिया को मिली रफ्तार, यूपीएसएसएससी ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर

**समाज जागरण**

लखनऊ 3 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों को पारदर्शी, समयबद्ध और व्यवस्थित बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने दिसंबर 2026 तक आयोजित होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं एवं साक्षात्कारों का कैलेंडर जारी कर दिया है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक की ओर से बताया गया कि विशेष परिस्थितियों में आयोग द्वारा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2025)/07 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 9 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक प्रस्तावित है। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2025)/08 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 23 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक प्रस्तावित है। अनुदेशक फिटर, अनुदेशक ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) तथा अनुदेशक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम मेंटिनेंस पदों हेतु साक्षात्कार माह अगस्त, 2026 में प्रस्तावित हैं। आशुलिपिक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2022)/08 एवं आशुलिपिक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2023)/13 की हिन्दी आशुलेखन व टंकण परीक्षा 1 सितंबर 2026 को प्रस्तावित है। आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2025)/09 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 20 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक तथा भेषजिक (आयुर्वेदिक) मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2023)/01 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 20 सितंबर 2026 को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक प्रस्तावित है।

वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ. प.-2025)/13 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 27 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक तथा विधि विज्ञान प्रयोगशाला (संयुक्त वर्ग) मुख्य परीक्षा प्रा.अ. प.-2025)/16 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 27 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक प्रस्तावित है। अनुदेशक मैकेनिक (डीजल इंजन) एवं अनुदेशक टर्नर पदों हेतु साक्षात्कार माह सितम्बर, 2026 में प्रस्तावित हैं।

प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 माह अक्टूबर, 2026 में प्रस्तावित है। अनुदेशक मशीनिस्ट पद हेतु साक्षात्कार माह अक्टूबर, 2026 में प्रस्तावित है। प्लाटून कमाण्डर/ब्लाक आर्गनाइजर मुख्य परीक्षा प्रा.अ. प.-2025)/11 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 22 नवंबर 2026 पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक तथा हवलदार प्रशिक्षक मुख्य परीक्षा प्रा.अ. प.-2025)/12 की लिखित (मुख्य) परीक्षा 22 नवंबर 2026 को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक प्रस्तावित है।

# एबीसी मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

**समाज जागरण**




चंदौसी। जहाँ प्रतिभा को सही मंच और सही मार्गदर्शन मिलता है, वहाँ सफलता कदम चूमती है।" इसी कहावत को एक बार फिर एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सच साबित कर दिखाया। स्केटिंग और ताइक्वांडो में लगातार अपनी शानदार सफलता का परचम लहराने के बाद अब विद्यालय के बच्चों ने मॉडलिंग के क्षेत्र में भी अपना जलवा बिखेरते हुए पूरे विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया।

2 अगस्त 2026 को मुरादाबाद में आयोजित North India Zone Dance Championship एवं मॉडलिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे मॉडल्स ने अपने आत्मविश्वास, आकर्षक रैंप वॉक, बेहतरीन स्टाइल और दमदार प्रस्तुति से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल के साथ शील्ड अपने नाम कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

नन्हे विजेताओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने विद्यालय, अभिभावकों और पूरे जिले को गौरवान्वित कर दिया।

इस प्रतियोगिता की सबसे विशेष बात यह रही कि जहाँ अधिकांश प्रतिभागी वेस्टर्न परिधान में रैंप वॉक करते हुए नजर आए, वहीं एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल के नन्हे प्रतिभागियों ने गर्व के साथ पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में रैंप वॉक कर भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रतिनिधित्व किया। उनकी आकर्षक भारतीय पोशाक, आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और भारतीय संस्कारों की झलक ने निर्णायकों एवं उपस्थित दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल में विजेता बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने सभी बच्चों को मुरादाबाद से मिले मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। पूरे विद्यालय में तालियों की गड़गड़ाहट और खुशी के माहौल के बीच बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# सावन का पहला सोमवार, आस्था की हिलोरें से शिवमय हुआ प्रदेश

- योगी सरकार की ओर से सुरक्षा, सुगम दर्शन और मूलभूत सुविधाओं का था पूरा इंतजाम
-हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजी काशी से लेकर मेरठ तक की धरती
-कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज मंडल में उमड़ा भक्तों का अपार जनसैलाब

**समाज जागरण**

*लखनऊ, 3 अगस्त। सावन के पहले सोमवार पर पूरा प्रदेश शिवमय हो उठा। भोर की पहली किरण फूटने से पहले ही शिवालयों के शिखर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। कहीं कतारें रात के अंधेरे में ही लगनी शुरू हो गईं, तो कहीं तड़के साढ़े तीन बजे भक्तों के कदम मंदिर की ओर बढ़ चले। यह करोड़ों हृदयों में उमड़ी आस्था की वह लहर थी जिसने काशी से मेरठ और प्रयागराज तक पूरे प्रदेश को एक ही भाव-सूत्र में पिरो दिया। इस अपार आस्था को सुव्यवस्थित रूप देने के लिए योगी सरकार की ओर से सुरक्षा, सुगम दर्शन और मूलभूत सुविधाओं का पूरा इंतजाम था।

**शिव के स्वागत में बिछी भक्ति की चादर**

काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के स्वागत का दृश्य किसी उत्सव से कम न था। देर रात से पहुंचे श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर अगवानी हुई, मानो स्वयं भोलेनाथ धरती पर उतर आए हों। नाथ नगरी बरेली में बाबा को 'श्री शंकर स्वरूप' में सजाया गया। यह श्रृंगार भक्तों के लिए किसी दिव्य दर्शन से कम नहीं था। नगर में दो स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं पुष्पमालाएं पहनाकर भक्तों का उत्साह बढ़ाया और प्रसाद वितरण में हाथ बंटाया। कांवड़ यात्रियों के लिए विश्राम गृह से लेकर मेडिकल कैंप तक हर सुविधा पहले से तैयार रखी गई। यह योगी सरकार की उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें आस्था और व्यवस्था को साथ लेकर चलने का संकल्प झलकता है।

**सुरक्षा के हर घेरे को पार किया शिवभक्ति ने**

सावन के पहले सोमवार पर मेरठ, बागपत, गाजियाबाद और बुलंदशहर के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों के बाहर सुबह से लगी लंबी कतारों में हर चेहरे पर वही एक भाव था, भोले की भक्ति में समर्पण। मेरठ के सिद्धपीठ औघड़नाथ मंदिर में साढ़े तीन बजे से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचने लगे थे। भीड़ के इस विशाल रूप को देखते हुए पुलिस ने त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र ड्रोन कैमरों की चौकस निगरानी में रहा, डॉग स्क्वाड और क्विक रिस्पॉन्स टीम भी हर पल मुस्तैद दिखी। बागपत के ऐतिहासिक पुरा महादेव परशुरामेश्वर मंदिर में भगवान आशुतोष के जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बुलंदशहर के शिकारपुर तहसील क्षेत्र स्थित प्राचीन बरासऊ शिव मंदिर में भी भक्तों की विशेष भीड़ देखी गई।

# भूतपूर्व सैनिकों को बड़ी राहत: शहडोल के अमृता हॉस्पिटल को ECHS पैनल में शामिल करने की कवायद

## चार जिलों के हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मिलेगी राहत, अब तक इलाज के लिए जाना पड़ता था जबलपुर

**समाज जागरण**

शहडोल। शहडोल संभाग सहित आसपास के जिलों में निवासरत हजारों भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं एवं उनके परिवारों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। लंबे समय से स्थानीय स्तर पर ईसीएचएस के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग के बीच अब शहडोल के अमृता हॉस्पिटल को ईसीएचएस पैनल अस्पताल घोषित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन जिला शहडोल के जिलाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता ने बताया कि सैनिक कल्याण बोर्ड शहडोल के अंतर्गत शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और डिंडोरी जिले आते हैं। इन जिलों में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक अपने परिवारों के साथ निवास करते हैं। इसके अलावा शहीद एवं दिवंगत सैनिकों की विधवाएं और उनके आश्रित भी यहां रहते हैं। स्थानीय स्तर पर ईसीएचएस की समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें उपचार के लिए जबलपुर स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल एवं ईसीएचएस अस्पताल जाना पड़ता है। इससे बुजुर्ग पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को समय, यात्रा और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**मोबाइल मेडिकल यूनिट से मिली थी बड़ी राहत**

इस समस्या के समाधान के लिए



सैनिक कल्याण बोर्ड शहडोल तथा भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा लंबे समय से संबंधित अधिकारियों के समक्ष लिखित एवं मौखिक रूप से मांग रखी जाती रही है। संगठन, सैनिक कल्याण बोर्ड शहडोल और मध्यप्रदेश सैनिक बोर्ड भोपाल के प्रयासों के परिणामस्वरूप जुलाई 2026 में जबलपुर से संसाधनों से युक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट शहडोल पहुंची थी। मोबाइल यूनिट द्वारा शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और डिंडोरी जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक परिवार लाभान्वित हुए।

**अमृता हॉस्पिटल को ECHS पैनल में शामिल करने की मांग**

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन की प्रमुख मांग है कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के किसी बड़े निजी अस्पताल को स्थायी रूप से ईसीएचएस पैनल में शामिल किया जाए, ताकि भूतपूर्व सैनिकों एवं पात्र आश्रितों को स्थानीय स्तर पर नियमानुसार कैशलेस/ईसीएचएस चिकित्सा सुविधा मिल सके।

संगठन के अनुसार इस दिशा में सकारात्मक पहल हुई है। मध्यप्रदेश सैनिक बोर्ड भोपाल द्वारा पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है कि अमृता हॉस्पिटल शहडोल को ईसीएचएस पैनल अस्पताल में शामिल कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता ने उम्मीद जताई है कि प्रक्रिया जल्द पूरी होने पर चारों जिलों के हजारों भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को उपचार के लिए बार-बार जबलपुर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी।

# नल-जल योजना का गड्ढा बना मुसीबत, पाइपलाइन टूटी; सप्ताहभर से वार्डवासी पानी को परेशान

## धनपुरी टॉकीज के पास वार्ड नंबर 6 का मामला, नगरपालिका और पार्षद से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ सुधार

**समाज जागरण**

धनपुरी। नगर पालिका धनपुरी अंतर्गत वार्ड नंबर 6 में नल-जल योजना के तहत किए जा रहे कार्य ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। धनपुरी टॉकीज के पास योजना के लिए खोदे गए गड्ढे के कारण पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो टूटी पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई और न ही खोदे गए गड्ढे को व्यवस्थित तरीके से भरा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं सड़क के पास खुला गड्ढा दुर्घटना को आशंका भी बढ़ा रहा है। लोगों का कहना है कि रात के समय गड्ढा वाहन चालकों और राहगीरों के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।



शिकायत के बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह वार्डवासियों का आरोप है कि समस्या को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही स्थानीय पार्षद को भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद एक सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बाद भी मौके पर समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का सवाल है कि नल-जल योजना का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि निर्माण कार्य के दौरान पहले से मौजूद पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाए और उसकी समय पर मरम्मत भी न हो तो योजना की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि धनपुरी टॉकीज के पास क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कर जलापूर्ति सामान्य की जाए तथा खुले गड्ढे को सुरक्षित तरीके से भरकर मार्ग को दुरुस्त कराया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# * आयुक्त का आंगनवाड़ी भ्रमण कार्यक्रम खानापूर्ति तक सिमटा

## बिरसिंहपुर पाली में पूर्व तय केंद्रों का निरीक्षण, दूरस्थ क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचल में आंगनवाड़ी केंद्रों की उपेक्षा के आरोप

**समाज जागरण**

उमरिया--- बीते दिवस आयुक्त शहडोल सुरभि गुप्ता का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम जिले के पाली विकास खंड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिरसिंहपुर पाली के वार्ड क्रमांक 6, वार्ड क्रमांक 7 एवं गिंजरी क्षेत्र स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सब कुछ बैहतर पाया गया। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जो आंगन बाड़ी केन्द्रों में साफ सफाई, सजावट देखने को मिला, काश ऐसी हर दिन देखने को मिलती, तो न सिर्फ आंगनबाड़ी के नौनिहालों का जीवन धन्य हो जाता, उससे जो वातावरण बनता उससे उन गांवों की भी तस्वीर बदल जाती। यद्यपि यह लोक लुभावनी दिखावटी आंगनबाड़ी केन्द्र बनायी गयी थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निरीक्षण की पूर्व जानकारी होने के कारण



संबंधित केंद्रों में विशेष रूप से भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था कराई गई थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि किसी अन्य केंद्र का बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया जाता, तो संभवतः जमीनी स्थिति कुछ अलग दिखाई देती। स्थानीय नागरिकों के अनुसार परियोजना अधिकारी एवं अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा अधिकांश निरीक्षण मुख्य सड़क के किनारे स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का ही किया जाता है, जबकि सड़क से अंदर एवं दूरस्थ क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों में भी अधिकतर आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। आरोप है कि ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित अथवा औचक निरीक्षण कभी नहीं किया जाता है। नागरिकों का कहना है कि यदि इन केंद्रों का भी बिना पूर्व सूचना के निरीक्षण किया जाए, तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। जिले की आंगनवाड़ियों के रंग-रोगन की राशि पर भी उठे सवाल

सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा उमरिया जिले की प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र के रंग-रोगन एवं पेंटिंग कार्य के लिए 3,000 रुपये की राशि सीधे कार्यकर्ताओं के खाते में उपलब्ध कराई गई थी। आरोप है कि अधिकतर केंद्रों में रंग-रोगन के नाम पर कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कराया गया और अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति लगभग वैसी ही बनी हुई है, जैसी एक वर्ष पूर्व थी। ऐसे में यह जांच का विषय है कि रंग-रोगन के लिए आवंटित राशि का उपयोग किस कार्य में किया गया, भुगतान किसे किया गया तथा संबंधित कार्य वास्तव में कराया गया या नहीं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रत्येक केंद्र में स्वीकृत राशि, व्यय विवरण, बिल-वाउचर एवं कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने मांग की है कि केवल पूर्व निर्धारित एवं सड़क किनारे स्थित केंद्रों का निरीक्षण करने के बजाय अंदरूनी क्षेत्रों में संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया जाए। साथ ही रंग-रोगन की राशि के उपयोग की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

पूर्व सूचना के आधार पर होने वाले निरीक्षण से व्यवस्थाएं कुछ समय के लिए बेहतर दिखाई जा सकती हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति जानने के लिए निष्पक्ष एवं औचक निरीक्षण आवश्यक है।

# स्ट्रीट लाइट की दूरी में की जा रही मनमानी

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर। अनूपपुर जिले के नगर परिषद बरगवा अमलाई के द्वारा टेंडर के माध्यम से विभिन्न वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाने का ठेका प्रदान किया गया है लेकिन ठेकेदार द्वारा स्ट्रीट लाइट मनमानी ढंग से लगाई जा रही है और पूर्व में लगाया भी गया है। कहीं 10 मीटर तो कहीं 15 मीटर तो कहीं 20 मीटर में लगाया जा रहा है जो कि ठेकेदार की मनमानी को दर्शाता है। वार्ड क्रमांक 6 से लेकर 9 में ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही थी जब उसकी जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष तिवारी को लगी तो उन्होंने विरोध दर्ज कराया तब कहीं जाकर ठेकेदार द्वारा नियम के अनुसार लगाया जा रहा है लेकिन पूर्व में कहीं कहीं मनमानी ही की गई है। डूंगरिया वार्ड क्रमांक 5 में अधूरी वार्ड क्रमांक 5 में हाईवे मार्ग से लेकर डुमरिया टोला स्कूल के पहले तक ही स्ट्रीट लाइट लगाया गया है जबकि प्राथमिक पाठशाला के आगे भी स्ट्रीट लाइट लगाया जाना चाहिए था। वार्ड क्रमांक 5 में सिद्ध बाबा धाम एकादशी हनुमान मंदिर स्थित है और सावन माह में यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन अंधेरा होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। क्या कारण है कि स्ट्रीट लाइट पूरी तरह से नहीं लगाई गई इसका जवाब तो ठेकेदार और नगर परिषद के अधिकारी ही दे सकते हैं।

साफ सफाई का अभाव

सावन सोमवार में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है लेकिन पहाड़ी के नीचे से लेकर ऊपर तक सीढ़ी के दोनों ओर बड़े-बड़े घास लगे हुए हैं जिसके कारण जहरीले जीव जंतु के काटने का भाई भी रहता है सीढ़ी में झाड़ू तो लगाया जा रहा है लेकिन दोनों ओर घास को भी कटवाया जाना चाहिए जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो।

# शमशान घाट में स्कूल की जगह पर सामुदायक भवन का निर्माण

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह**



बटियागढ़ तहसील के मगरोन संकुल केंद्र अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला सेमरा रामनगर के स्कूल की नवीन बिल्डिंग जहां एक और नियम विरुद्ध तरीके से श्मशान घाट में बना दी गई है वही शासकीय प्राथमिक शाला सेमरा रामनगर की जमीन जिसका खसरा नंबर 31/2 है जिस पर पुरानी बिल्डिंग पंचायत द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी की परमिशन के बिना गिराकर राजस्व विभाग या शिक्षा विभाग से बिना एनओसी परमिशन लिए सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है

और जिस स्कूल की जो पुरानी बिल्डिंग गिराई गई उसकी पुरानी सामग्री की ना तो लिस्ट बनाई गई ना ही नियम बद्ध तरीके से उस निकले हुए मटेरियल की नीलामी की गई। स्कूल की उस पुरानी बिल्डिंग के मटेरियल का उपयोग समुदायक भवन में उपयोग किया जा रहा है जो कि शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग है जिस कारण से पंचायत द्वारा किए जा रहे निर्माण को रोकने के लिए आवेदन दिया गया है।

आवेदक पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि स्कूल की नवीन बिल्डिंग शमशान घाट के चबूतरे को उखाड़ कर उसी के स्थान पर बनाई गई है तथा श्मशान का नया चबूतरा स्कूल के बहुत पास ही बना दिया गया जो नियम विरुद्ध है।साथ ही स्कूल की जो दर्ज भूमि है उस पर अब पुरानी बिल्डिंग गिरा कर पंचायत द्वारा समुदायक भवन बनाया जा रहा जब की स्कूल की भूमि पर गैर शैक्षणिक भवन नहीं बनाए जा सकते हैं जब तक शिक्षा विभाग से एनओसी नहीं मिल जाती। आज निर्माण पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार बटियागढ़, सीईओ बटियागढ़ ,बीआरसी बटियागढ़, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बटियागढ़, संकुल प्राचार्य मगरोन को आवेदन दिया गया शासकीय प्राथमिक शाला सेमरा रामनगर के प्रधान अध्यापक सुरेन्द्र सिंह को भी आवेदन दिया गया लेकिन उनके द्वारा पावती कल देनी की बात कही गई उनके अनुसार उनको इसके बारे में कोई जानकारी नहीं ऐसी अनिय मितता के लिए उचित कार्यवाही कर प्रधान अध्यापक के पद से हटाया जाना चाहिए और बिना अनुमति के स्कूल की बिल्डिंग गिराने मटेरियल में हेर फेर होने पर दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# 1500 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, दो आरोपी फरार: शहपुरा पुलिस की शहडोल में दबिश नाकाम, स्थानीय पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

## शहडोल से जबलपुर ले जाई जा रही शराब पर शहपुरा पुलिस की कार्रवाई; तीन आरोपी बनाए गए, एक गिरफ्त में, दो की तलाश जारी

**समाज जागरण शहडोल,**

शहडोल से जबलपुर ले जाई जा रही करीब 1500 लीटर अंग्रेजी शराब को डिंडोरी जिले की शहपुरा पुलिस ने जब्त किया है। मामले में तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपियों की तलाश में शहपुरा पुलिस ने शहडोल में दबिश दी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने और दबिश से पहले आरोपियों को सूचना मिलने जैसी चर्चाओं ने पूरे मामले को विवादों में ला दिया है। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।

इस घटना के बाद शहडोल में कथित अवैध शराब कारोबार, ओवररेटिंग और बाहरी राज्यों की शराब की आपूर्ति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस और आबकारी विभाग से पूरे सप्लाई नेटवर्क की जांच की मांग की जा रही है। साथ ही शराब दुकानों पर मूल्य सूची और क्यूआर कोड के प्रदर्शन को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं।

फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच से यह स्पष्ट होगा कि शराब की खेप का वास्तविक स्रोत क्या था और इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय था या नहीं।

# 07 अगस्त को होगी मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता

## जिला विजेता टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिलेगा प्रतिनिधित्व, विजेताओं को पर्यटन भ्रमण पैकेज का भी मिलेगा पुरस्कार

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। मध्यप्रदेश की समृद्ध पर्यटन विरासत, सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का जिला स्तरीय आयोजन 07 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, पीजी कॉलेज दमोह में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, प्राकृतिक संपदा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है।



इस वर्ष जिले के 158 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन विद्यार्थियों की टीम बनाई गई है, जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी, जिसमें मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा सामान्य पर्यटन संबंधी विषयों पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा के आधार पर सर्वश्रेष्ठ छह टीमों का चयन किया जाएगा। दूसरे चरण में चयनित छह टीमों के बीच ऑडियो एवं विजुअल राउंड आयोजित होगा। इस रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक दौर के बाद अंतिम विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता टीमों को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से तीन दिन एवं दो रात का पर्यटन भ्रमण पैकेज प्रदान किया जाएगा, जबकि द्वितीय उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एवं एक रात का भ्रमण पैकेज मिलेगा। इस पैकेज में यात्रा, भोजन, स्वल्पाहार, रात्रि विश्राम तथा भ्रमण से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पर्यटन बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, दमोह एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी पंजीकृत विद्यालयों को अपने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही छात्राओं के साथ महिला शिक्षिका तथा छात्रों के साथ मार्गदर्शक शिक्षक की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, जिससे प्रतियोगिता का संचालन सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके। जिला प्रशासन ने विद्यालयों से समय पर प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने तथा सभी आवश्यक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए क्विज मास्टर मोहन राय से मोबाइल नंबर 98264 44951 पर संपर्क किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर

से परिचित कराने के साथ-साथ उनमें पर्यटन के प्रति रुचि विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

# भगवती मानव कल्याण संगठन की सूचना पर पटेरा में अवैध शराब परिवहन करते युवक पकड़ा, 25 पाव लाल मसाला शराब जब्त

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा/दमोह पटेरा (दमोह)। नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत आज भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाना पटेरा क्षेत्र के नगर पटेरा में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पुलिस को दी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रहलाद आदिवासी पिता बल्लू आदिवासी, निवासी ग्राम हरदुआ पहाड़ी, थाना पटेरा, जिला दमोह (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपी टीवीएस कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक MP34ZG5586 से बैग में 25 पाव लाल



मसाला शराब लेकर परिवहन कर रहा था। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़कर शराब एवं वाहन जब्त कर लिया। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# कलेक्टर की सख्ती: 5 विभागों के 48 अधिकारी- कर्मचारी अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

## आरईएस के कार्यपालन यंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीएम आजीविका मिशन और जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग में निरीक्षण में मिले नदारद

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और समयबद्ध कार्य संस्कृति स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पांच प्रमुख विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालयों से अनुपस्थित मिले। कुल 48 अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस), जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला परियोजना प्रबंधक (आजीविका मिशन) कार्यालय तथा जनजातीय कार्य विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला पंचायत के 13, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 7, आजीविका मिशन के 5, जनजातीय कार्य विभाग के 4 तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 19 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सबसे गंभीर स्थिति यह रही कि कई विभागों के प्रमुख अधिकारी भी अपने कार्यालयों में मौजूद नहीं थे। आरईएस के कार्यपालन यंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) आजीविका मिशन तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग भी अनुपस्थित मिले। वरिष्ठ अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि शासन



की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण है। यदि अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचेंगे तो आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें तथा प्रत्येक प्रकरण का संवेदनशीलता, पारदर्शिता और कानून के दायरे में रहकर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यालयों में अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे और कार्य में लापरवाही, समय की अनदेखी तथा जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को शासकीय कार्यालयों में अनुशासन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि लगातार होने वाले औचक निरीक्षणों से अधिकारियों और कर्मचारियों में जवाबदेही बढ़ेगी तथा आमजन को समय पर शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।यदि चाहें, मैं इसी खबर का दो कॉलम (लगभग 700â800 शब्द) या फ्रंट पेज लीड संस्करण भी तैयार कर सकता हूँ।

# सावन के पहले सोमवार पर गूंजा हर-हर महादेव हर-हर महादेव सेवा समिति ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

## 24 अगस्त को आयोजित होगा विशाल भंडारा ; अध्यक्ष भानु प्रताप ने भक्तों से पुण्य का भागी बनने की अपील की

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। सावन माह के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर समूचा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस भक्तिमय माहौल में हर-हर महादेव सेवा समिति सलाई बनवा स्थित सिद्ध पीठ शिव-पार्वती अमर गुफा के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों एवं कांवड़ियों ने भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। कांवड़ यात्रा सलाई बनवास अमर गुफा से प्रारंभ होकर अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ गोठानी स्थित अति प्राचीन सोमनाथ मंदिर पहुँची। वहाँ सभी कांवड़ियों और शिव भक्तों ने पवित्र नदी/कुंड से जल उठाकर भगवान सोमनाथ पर अर्पित किया तथा जलाभिषेक का संकल्प लिया। तत्पश्चात, सोमनाथ मंदिर से जल लेकर कांवड़ियों का जत्था शनेश्वर महादेव मंदिर होते हुए डाला स्थित सिद्ध पीठ शिव-पार्वती अमर गुफा (दुवरा घाटी, डमडम गुफा) पहुँचा। वहाँ पहुँचकर भक्तों ने पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। कांवड़ यात्रा के दौरान ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न समाजसेवियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा शिव भक्तों की सेवा हेतु जलपान के विशेष इंतजाम किए गए। चोपन रोड पर विजय कुमार उर्फ गुड्डू भाई (डिश वाले) और वार्ड नंबर 1 के सभासद प्रतिनिधि गिरजा शंकर ने मिलकर कांवड़ियों को रूहअफजा का ठंडा शरबत पिलाकर स्वागत किया। हीरो होंडा एजेंसी द्वारा शिव भक्तों के लिए विशेष रूप से पौष्टिक दूध के शरबत की व्यवस्था की गई। गजराज नगर वोर्टेक्स डीजे (गजराज नगर) के पास कांवड़ियों को दूध व दही का ठंडा शरबत पिलाया गया। वार्ड नंबर 3 के सभासद अनिल कुमार उर्फ नीलू भाई ने शिव भक्तों को शुद्ध पानी की मिनरल वाटर बोतलें वितरित बग्घा नाला पर उन्हें राहत पहुँचाई। इस पावन अवसर पर हर-हर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं शिव भक्त कई वर्षों से लगातार इस यात्रा में सम्मिलित होकर जलाभिषेक करते आ रहे हैं। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को यहाँ अमर गुफा व आसपास के शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। मंदिर के समिति अध्यक्ष भानु प्रताप ने घोषणा करते हुए कहा आगामी 24 अगस्त 2026 को समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हम क्षेत्र के समस्त शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अपील करते हैं कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर महाप्रसाद ग्रहण करें और पुण्य के भागी बनें। यात्रा के दौरान बोल-बम के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक गीतों से पूरा मार्ग शिवमय बना रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अभाविप द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ओबरा तहसील के ग्राम पंचायत गोठानी में किया गया आयोजन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सोनभद्र द्वारा सेवा कार्यों की निरंतर श्रृंखला के अंतर्गत 03 अगस्त 2026 को ओबरा तहसील के ग्राम पंचायत गोठानी में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मनमोहन निषाद रहे उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र हितों तक सीमित संगठन नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, शिक्षा और संस्कार पहुँचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं जन-जागरूकता बढ़ाना परिषद की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. कृष्णा कुमार एवं

उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। डॉक्टरों ने मरीजों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर उचित परामर्श दिया तथा स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने अभाविप एवं चिकित्सकीय टीम के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस कार्यक्रम के संयोजक अभय प्रताप सिंह सहित विश्वजीत साहनी, देवी प्रसाद तिवारी, श्रवण सोनी, गोलू केशरी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सलाईबनवा डम-डम गुफाः सफाई व पेयजल व्यवस्था तो दुरुस्त, पर जर्जर सड़क बनी श्रद्धालुओं के लिए मुसीबत

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। प्राकृतिक सुंदरता और अटूट धार्मिक आस्था के केंद्र ओबरा व डाला के मध्य स्थित सलाईबनवा डम-डम गुफा धाम में सावन के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। पहाड़ों के बीच प्राकृतिक गुफा में स्थापित बाबा भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए प्रतिदिन हजारों भक्त पहुंच रहे हैं। विशेषकर सावन के रविवार व सोमवार को चोपन स्थित अघोरी घाट से पवित्र सोन नदी का जल भरकर नंगे पांव पदयात्रा करते हुए कांवड़िए व शिवभक्त अलसुबह जलाभिषेक के लिए धाम पहुंचते हैं। पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयकारों से गुंजायमान है।

साफ-सफाई, पेयजल और विश्राम व्यवस्था बेहतर; धरातल पर स्थिति का जायजा लेने पर पाया गया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में प्रशासन व प्रबंधन की ओर से साफ-सफाई की व्यवस्था काफी सुदृढ़ है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल (पीने के पानी) और विश्राम (छाया व बैठने) के पुख्ता इंतजाम मौके पर उपलब्ध हैं, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है। सड़क की बदहाली ने फेरा व्यवस्थाओं पर पानी; एक तरफ जहाँ पेयजल और सफाई व्यवस्था संतोषजनक है, वहीं दूसरी तरफ धाम तक पहुँचाने वाली मुख्य सड़क की बदहाली श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'मार्ग दुरुस्त व गड्ढा मुक्त' करने के सख्त निर्देशों के बावजूद सलाईबनवा डम-डम गुफा मार्ग बदहाली के आंसू बहा रहा है। क्षत-विक्षत मार्ग और गड्ढेः बारिश और रखरखाव के अभाव में सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे रास्ते पर गहरे कटान और नुकीले पत्थर उभर आए हैं।

कांवड़ियों की फजीहतः अघोरी से मीलों पैदल नंगे पांव जल लेकर आ रहे शिवभक्तों को इस जर्जर व उबड़-खाबड़ सड़क पर चलने में अत्यधिक कठिनाई और शारीरिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना का अंदेशाः ढलान वाले इस बदहाल मार्ग पर बारिश के दौरान जलजमाव और फिसलन से श्रद्धालुओं के चोटिल होने का खतरा लगातार बना रहता है।

प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत की मांग; स्थानीय ग्रामीणों और दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि प्रशासन इस मुख्य पहुंच मार्ग की तत्काल मरम्मत करवा दे या समतलीकरण (रोलिंग) करा दे, तो कांवड़ियों और अन्य भक्तों की यात्रा पूरी तरह सुलभ हो

जाएगी। श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर रॉबर्ट्सगंज-पन्नूगंज मार्ग पर तैयार हुआ वैकल्पिक मार्ग, यातायात हुआ सुगम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज से पन्नूगंज जाने वाले प्रमुख मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ओवरब्रिज के निर्माण पूर्ण होने के उपरांत इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो जाएगा तथा रेलवे फाटक पर रुकने की आवश्यकता समाप्त होने से दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी। निर्माण कार्य के तहत रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाने के कारण दोनों ओर अस्थायी अवरोध लगाकर कार्य कराया जा रहा था, जिससे आमजन के आवागमन में कुछ असुविधा उत्पन्न हुई। इस स्थिति का संज्ञान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने तत्काल लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आम जन के निर्बाध आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार कराया गया। यह वैकल्पिक मार्ग सीमेंट एवं कंक्रीट (सीसी) से निर्मित किया गया है, जिससे अब वाहनों का आवागमन सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। तैयार किए गए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था निरंतर सुचारु बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ जारी है। निर्माण कार्य के दौरान भी आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। यदि चाहें तो इसमें यह भी जोड़ा जा सकता है कि वैकल्पिक मार्ग पर हल्के एवं भारी दोनों प्रकार के वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने किया जलाभिषेक

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। सावन माह के पहले सोमवार को नगर सहित आसपास के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु हाथों में जल, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, भांग, दूध और पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। पूरे दिन "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर के काली मंदिर, कैलाश मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर तथा सोमेश्वर मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिरों में भक्तों की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों एवं मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा दर्शन-पूजन की व्यवस्था संभाली गई। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय दिखाई दिया। दिनभर मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और भक्ति गीतों तथा शिव भजनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश एवं देश में सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की।

प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस भी प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रही, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से दर्शन-पूजन किया।

# बारिश से गरीब ग्रामीण का कच्चा मकान ढहा, बाल-बाल बचे परिजन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन ग्राम पंचायत के सुईया चट्टान निवासी गरीब ग्रामीण चुनमुन नट पुत्र स्व. नान्हक नट का कच्चा मकान रविवार रात हुई लगातार तेज बारिश के चलते भरभराकर गिरकर धराशायी हो गया। हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर में मौजूद थे, लेकिन संयोग अच्छा था कि सभी परिजन सुरक्षित बाहर निकल आए थे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पहले से आर्थिक तंगी झेल रहे परिवार के सामने रहने और दैनिक जरूरतों का गम्भीर संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से जांच कराकर आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि गरीब ग्रामीण की क्षति की भरपाई हो सके और परिवार को राहत मिल सके।

# बभनी म्योरपुर, दुद्धी पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में ₹25,000 का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार

## लूट का बैग, भारी मात्रा में आभूषण (सम्पूर्ण माल की कीमत 6222500 रुपये) अवैध तमंचा एवं मोटरसाइकिल बरामद

**समाज जागरण/ अकबर अली**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन)

ऋषभ रुणवाल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस, एसओजी टीम एवं थाना दुद्धी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए थाना बभनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-158/ 2026, धारा 309(6), 317(2) बीएनएस से संबंधित ₹25,000 के इनामी वांछित अभियुक्त पंकज साह पुत्र पुरुषोत्तम साह, निवासी धूरीताल, थाना बैढ़न, जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश) को दिनांक 03.08.2026 को प्रातः लगभग 02:22 बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घटना का विवरण

दिनांक 18.07.2026 को वादी कुलधीर कुमार पुत्र स्व. सीताराम, निवासी ग्राम चपकी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा सूचना दी गई कि वह रघुनाथनगर (छत्तीसगढ़) के साप्ताहिक बाजार से आभूषण विक्रय कर वापस लौट रहे थे। शाम लगभग 06:30 बजे थाना बभनी क्षेत्र के शीशटोला जंगल के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर चाकू से हमला किया तथा सोने-चाँदी के आभूषण एवं

लगभग ₹40,000/- नगद से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना बभनी पर मु0अ0सं0-158/ 2026, धारा 309(6) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में पूर्व में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान दो अन्य अभियुक्त प्रकाश में आए, जिन पर ₹25,000-₹25,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था। मुठभेड़ एवं गिरफ्तारी का विवरण; दिनांक 03.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना बभनी अरविन्द सरोज के नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस, एसओजी टीम एवं थाना दुद्धी पुलिस द्वारा अरझट पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान शीशटोला की ओर से रघुनाथनगर (छत्तीसगढ़) की तरफ एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों बदमाश मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे, लेकिन बरसात के कारण सड़क किनारे फिसलकर गिर गए। इसके बाद दोनों झाड़ियों की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए की गई जवाबी कार्रवाई में पंकज साह के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसका साथी संजय साकेत पुत्र लालजी साकेत, निवासी थाना बरगवां, जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश) अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317 (2), 109(1) बीएन एस एवं 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त पंकज साह ने बताया कि उसने अपने साथियों संजय साकेत, मनोज साकेत एवं रमेश साकेत के साथ मिलकर सरार्फा व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना से पूर्व रेकी की गई थी तथा लूट के बाद सोने-चाँदी के आभूषणों से भरा बैग जंगल में छिपा दिया गया था। घटना के दौरान लूटी गई नकदी चारों अभियुक्तों में आपस में बांट ली गई थी। अभियुक्त के कब्जे से बरामद ₹1,500/- उसी बंटवारे की राशि का हिस्सा होना बताया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर लूट का बैग बरामद किया गया, जिसकी पहचान वादी द्वारा मौके पर ही कर ली गई।

# गलगली मंदिर पहाड़ पर सावन के पहले सोमवार को उमड़ी भीड़, गूंजे "हर हर महादेव" के नारे

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**




सोनभद्र। ब्लॉक दुद्धी अंतर्गत ग्राम सभा फुलवार में स्थित प्रसिद्ध गलगली मंदिर पहाड़ पर सावन माह के पहले सोमवार 03 अगस्त 2026 को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दूर-दूर से भक्त पहाड़ पर चढ़कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे। मंदिर परिसर को रंगीन झालरों से सजाया गया था। डीजे पर भक्ति गीत बज रहे थे और महिलाएं समूह में भजन गाते हुए मंदिर तक पहुंचीं।

इस धार्मिक आयोजन में ग्राम सभा फुलवार के सम्मानित नागरिक प्रेमशंकर यादव, डॉ. राम प्यारे गुप्ता और शिव शंकर गुप्ता सहित तमाम ग्रामवासी भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सावन में गलगली मंदिर में दर्शन करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के कारण हर सोमवार को यहां मेला जैसा माहौल रहता है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। सावन की हरियाली और सुहाने मौसम ने आयोजन को और भी खूबसूरत बना दिया।

# गुप्त काशी शिवद्वार में आस्था का महासंगम, पहले सोमवार पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद के सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध शिव स्थलों में से एक "गुप्त काशी" के नाम से विख्यात शिवद्वार धाम में सावन के पहले सोमवार के अवसर पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे। शिवद्वार धाम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां अन्य शिव मंदिरों की तरह केवल शिवलिंग पर ही नहीं, बल्कि शिव-पार्वती की प्राचीन प्रतिमा पर भी जलाभिषेक किया जाता है। सावन माह में कांवड़िए मिजार्पुर से गंगाजल तथा विजयगढ़ क्षेत्र से पवित्र जल लाकर इस प्रतिमा का अभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना और जलाभिषेक से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। शिवद्वार मंदिर के प्रधान पुजारी अरविंद गिरी ने बताया कि सावन के पहले सोमवार पर कांवड़ लेकर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 हजार से अधिक रही। श्रद्धालु मिजार्पुर, बलिया घाट, चुनार और विजयगढ़ क्षेत्र से पवित्र जल लेकर बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा 15 दिन पहले से शुरू कर दी जाती हैं। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि उनका परिवार नौवीं पीढ़ी से इस मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहा है। मंदिर समिति के कार्यकर्ता संजय कुमार मोदनवाल ने बताया कि पहले सोमवार को कांवड़ियों की संख्या 5 हजार से अधिक रही, जबकि कुल मिलाकर 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन और जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मिजार्पुर, बलिया घाट, चुनार के साथ अन्य क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे। वर्तमान मंदिर का निर्माण 200 वर्ष से अधिक पुराना है, जबकि पुरातत्व विभाग के अनुसार यहां की शिव-पार्वती प्रतिमा 11वीं शताब्दी की है। पूरे सावन माह यहां मेला लगता है और मंदिर समिति, प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य व बिजली विभाग मिलकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा की व्यवस्था संभालते हैं। चोपन से करीब डेढ़ घंटे की यात्रा कर शिवद्वार पहुंचे श्रद्धालु निशु कुमार सोनकर ने बताया कि वह बचपन से इस प्राचीन मंदिर की महिमा सुनते आ रहे हैं। जब से उन्हें मंदिर के बारे में जानकारी हुई, तब से लगातार हर सावन में दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि यह उनका पांचवां वर्ष है। उनका कहना है कि शिवद्वार धाम में जलाभिषेक और दर्शन करने के बाद मन को अलग ही संतुष्टि और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। करावा से आई श्रद्धालु अंकिता ने बताया कि वह इससे पहले भी शिवद्वार धाम आ चुकी हैं और जलाभिषेक कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है।

यहां आकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने से मन को सुकून मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सावन में एक बार शिवद्वार धाम अवश्य आने की अपील की।सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे क्षेत्राधिकारी घोरावल ने बताया कि शिवद्वार धाम क्षेत्र का अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। सावन के पहले सोमवार पर मंदिर को प्रातः 3 बजे मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड से पूरे परिसर की जांच कराई गई है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों के साथ सादे वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात हैं, ताकि महिलाओं, बच्चों और अन्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देर रात तक दर्शन-पूजन का क्रम जारी रहेगा।

# बोर्ड में तार जोड़ते समय उतरा करेंट किसान की मौत, मामला बरवा टोला गांव के मैरहवा टोला का

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। बरवाटोला ग्राम पंचायत के मैरहवा टोला गांव में सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे करंट लगने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बरवा टोला ग्राम पंचायत के मैरहवा टोला निवासी नागवंत पुत्र सालिक उम्र 35 वर्ष खेत से वापस आकर बोर्ड में स्वीच चालू करने गया था कि अचानक करेंट लग गया। गम्भीर स्थिति में परिवार जन बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत बता दिया लेकिन परिजनों को विश्वास नहीं हुआ तो म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।पत्नि पूनम ने बताया कि नागवंत घर के बोर्ड का बटन चालू करने गए थे ।

इसी दौरान अचानक उसे करंट लग गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घर वालों ने तुरंत उसे इलाज के लिए बभनी अस्पताल पहुंचाया,

लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को विश्वास नहीं हुआ तो वहां से म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम अस्पताल के मेमो आया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है आगे जांच व कार्यवाही चल रही है।

# किशनगंज पुलिस की दोहरी कार्रवाई, हेरोइन व एमडीएमए के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

## दो अलग-अलग अभियानों में 200 ग्राम हेरोइन, 31.44 ग्राम एमडीएमए, मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद; अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क की जांच तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

3 अगस्त। किशनगंज पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाइयों में चार तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पहली कार्रवाई में 200 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई में 31.44 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए (MDMA), एक मोटरसाइकिल तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों को अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जोड़कर जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई में 2 अगस्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में डीआईयू, एएनटीएफ, विशेष कार्य बल एवं किशनगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान मालदा (पश्चिम बंगाल) से आई एक बस से उतरकर स्टेशन की ओर जा रहे दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। दोनों भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। दंडाधिकारी की उपस्थिति में तलाशी लेने पर उनके पास से 200 ग्राम हेरोइन तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बहादुरगंज थाना क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय मुन्ना उर्फ मो. जमीर तथा 24 वर्षीय सोहेब आलम के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने एक संगठित मादक पदार्थ तस्करी सिंडिकेट से जुड़े होने की जानकारी दी है। इस



मामले में किशनगंज थाना कांड संख्या 868/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इधर, दूसरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पोठिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ-2 मनोज कुमार के नेतृत्व में बिरनाबाड़ी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। सूचना थी कि दो व्यक्ति पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर से मादक पदार्थ लेकर ठाकुरगंज की ओर जा रहे हैं। जांच के दौरान पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। दंडाधिकारी की उपस्थिति में तलाशी लेने पर उनके पास से 31.44 ग्राम एमडीएमए, एक मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के ग्वालपोखर थाना क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय मो. गुफरान तथा चाकुलिया थाना क्षेत्र के बसालपुर निवासी 35 वर्षीय मो. तैयुद्दीन के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने इस्लामपुर से एमडीएमए लाकर ठाकुरगंज क्षेत्र में उसकी आपूर्ति करने की बात स्वीकार की है। इस संबंध में पोठिया थाना कांड संख्या 275/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों मामलों में बरामद मोबाइल फोन के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पश्चिम बंगाल के मालदा, इस्लामपुर, उत्तर दिनाजपुर तथा किशनगंज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय तस्करी नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला, वित्तीय लेन-देन तथा अवैध संपत्ति की जांच के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# चेहल्लुम पर्व को लेकर डीएम-एसपी ने निकाला संयुक्त फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



3 अगस्त। चेहल्लुम पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किशनगंज शहरी क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन से चेहल्लुम पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही लोगों को निर्भीक होकर पर्व मनाने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# सात निश्चय-3: डीएम ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, सोमवार और शुक्रवार को सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



3 अगस्त। बिहार सरकार के सात निश्चयझ3 के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)' अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने सोमवार को आमजनों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जनसुनवाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि आम लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने प्रत्येक कार्यालय में आगंतुक पंजी का नियमित संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि एवं उनके समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रखंड, पंचायत एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन आने वाले आगंतुकों की संख्या की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारी को तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित करने को कहा गया।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी आगंतुक को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि संबंधित अधिकारी किसी कारणवश कार्यालय में अनुपस्थित हों, तो उनके स्थान पर अधिकृत अधिकारी आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। वहीं, एक से अधिक कार्यालयों का प्रभार संभाल रहे अधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को समय निर्धारित कर सभी कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे।

डीएम ने निदेशों की अवहेलना या अधिकृत पदाधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रात के अंधेरे में चलता है बालू का खेल, SDO की दबिश से मचा हड़कंप

## छापेमारी के दौरान कई ट्रैक्टर चालक बालू गिराकर भागे, ग्रामीण बोले - नियमित कार्रवाई से ही रुकेगा अवैध कारोबार

**समाज जागरण**

चांडिल/सरायकेलाः राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) की रोक के बावजूद चौका-ईचागढ़ मार्ग पर अवैध बालू का कारोबार लगातार जारी है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद सोमवार को चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) नितिन शिवम गुप्ता के नेतृत्व में प्रशासन ने अचानक कार्रवाई कर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा दिया।

प्रशासनिक टीम में प्रभारी अंचल अधिकारी तालेश्वर रोहीदास और चौका



थाना प्रभारी गौरव कुमार भी शामिल थे। टीम ने चंदूडीह और ट्यूडूंगरी स्थित जेएसएमडी के अधिकृत बालू भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया और संचालकों से सभी वैध दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। छापेमारी की सूचना मिलते ही अवैध बालू ढो रहे कई ट्रैक्टर चालक रास्ते में ही बालू झाड़ियों में गिराकर वाहन लेकर फरार हो गए। इससे स्पष्ट संकेत मिला कि क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन का नेटवर्क सक्रिय है।

ग्रामीणों का आरोप है कि हर रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक चौका-ईचागढ़ मार्ग पर दर्जनों ट्रैक्टर और भारी वाहन अवैध बालू लेकर गुजरते हैं। उनका कहना है कि यह कारोबार लंबे समय से खुलेआम चल रहा है, जिससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है और सड़क सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे नियमित अभियान बनाने की मांग की है। वहीं SDO नितिन शिवम गुप्ता ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश से किशनगंज में स्थायी सार्वजनिक मैदान की उम्मीद जगी

## सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद की मांग पर नगर विकास एवं आवास विभाग को कार्रवाई के निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

03 अगस्त। किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में स्थायी सार्वजनिक मैदान की मांग को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय ने नगर विकास एवं आवास विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सांसद ने 18 जुलाई 2026 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराकर स्थायी सार्वजनिक मैदान विकसित करने की मांग की थी। उन्होंने अपने पत्र में कहा था कि शहर में सार्वजनिक कार्यक्रमों, धार्मिक



आयोजनों, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, सामाजिक आयोजनों तथा जनसभाओं के लिए उपयुक्त स्थायी मैदान नहीं होने से लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद की मांग पर सकारात्मक पहल करते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव अभिषेक श्रीवास्तव ने नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र भेजकर मामले में नियमानुसार निर्णय लेने तथा की गई कार्रवाई से मुख्यमंत्री सचिवालय और सांसद को अवगत कराने का निर्देश दिया है।

इस पहल पर सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि विभाग शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी सार्वजनिक मैदान बनने से किशनगंज के लोगों को धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित एवं स्थायी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

सांसद ने कहा कि वे किशनगंज के सर्वांगीण विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत हैं तथा जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

# ईचागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, साथी फरार

**समाज जागरण**

ईचागढ़,चांडिल : सरायकेला-खरसावां पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ईचागढ़ थाना क्षेत्र के डुमटांड़झ पातकुम मार्ग पर वाहन जांच के दौरान एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 3 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि डुमटांड़ से पातकुम जाने वाले रास्ते में अफीम की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने डुमटांड़ चौक से पातकुम जाने वाले मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर धारीराम साव (48 वर्ष), पिताझपदम लोचन साव, ग्राम बुकहातु, थाना ईचागढ़ को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से 3 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

जिसमें 3 किलोग्राम अफीम,एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, वीवो कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल, पीले रंग का प्लास्टिक बैग, ब्लू रंग की होंडा SP125 मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या JH22K-6165) बरामद किया गया

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल अनुमंडल शिव प्रकाश कुमार, वरुण यादव, थाना प्रभारी, ईचागढ़ थाना, पु०अ०नि० शशी भूषण सिंह मुंडा, स०अ०नि० सुरेश भगत, सशस्त्र बल के जवान शामिल थे गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# उप चुनाव में पीके की जीत:नबीनगर में पार्टी कार्यकताओं ने निकाला विजय जुलूस

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) पटना के बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी प्रशांत किशोर उर्फ पीके की शानदार जीत पर नबीनगर में पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जीत की खबर मिलते ही नबीनगर में जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ताओं ने ढोल-बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला और एक-दूसरे को अबीर लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।जुलूस नबीनगर बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरा। इस दौरान कार्यकर्ता



"जन सुराज जिंदाबाद" और "प्रशांत किशोर जिंदाबाद" के नारे लगाते हुए चल रहे थे। हाथों में पार्टी का झंडा लिए कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट किया है और यह जीत आम जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि पीके के नेतृत्व में बिहार में नई राजनीति की शुरूआत होगी।

# हत्या एवं मारपीट के मामले में छह गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं मारपीट के आरोप में थाना क्षेत्र के सदूरी गांव से छह व्यक्तियों




को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार लोगो में बद्री पांडे ,बंटी पांडे , न्यूटन पांडे, हरमिशन पांडे, मोहित पांडे ओर गोलू पांडे शामिल है । थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों पर थाना में मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। सभी अभियुक्त को एस आई अमरेश दास एवं सशस्त्र बल द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जबकि मोहित पांडे और गोलू पांडे को निरुद्ध किया गया है।

# सावन की पहली सोमवारी पर पटना के बिहटेश्वरनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब गूंजे हर-हर महादेव के नारे

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा स्थित चार प्रमुख चतुमुर्खी शिवलिंगों में शामिल ऐतिहासिक बाबा बिहटेश्वरनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। "बाबा बिहटेश्वरनाथ की जय" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। अहले सुबह चार बजे विशेष पूजा और श्रृंगार के बाद मंदिर का पट खोल दिया गया, जिसके बाद हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अर्घा के माध्यम से जलाभिषेक किया। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मात्र एक लोटा जल अर्पित करने मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस प्राचीन मंदिर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। कहा जाता है कि पांडवों के अज्ञातवास के दौरान महाराजा वानभट्ट ने इस चतुमुर्खी



शिवलिंग की स्थापना की थी। बाद में सोन नदी के कटाव से यह भू-गर्भ में चला गया, जिसे विष्णुपुरा गांव के शिव भक्त गरीबा राय को मिले स्वप्न के आधार पर खुदाई कर पुनः स्थापित किया गया। सावन, महाशिवरात्रि और पूर्णिमा के अवसर पर यहां विशेष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। अमहरा, पैनाल, नेउरा और राघोपुर समेत प्रखंड के अन्य शिवालयों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और शर्बत की विशेष व्यवस्था की गई थी। भीड़ प्रबंधन के तहत सावन के प्रत्येक सोमवार को अर्घा से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई है, जबकि अन्य दिनों में गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति होगी। डीएसपी अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में 65 पुलिसकर्मियों (50 पुरुष और 15 महिला) की तैनाती की गई है। सभी जवान तीन शिफ्टों में मुस्तैद रहकर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रहे हैं ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण तरीके से बाबा का दर्शन कर सकें।

# पटना में मृतक ईओ विमल कुमार के परिजनों से मिलकर मंत्री रामकृपाल यादव ने दी सांत्वना जल्द न्याय का दिलाया भरोसा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर में डेहरी के ईओ विमल कुमार हत्याकांड के बाद केंद्रीय/राज्य मंत्री रामकृपाल यादव सोमवार को दानापुर के गोला रोड टी प्वाइंट स्थित गंगा कुटीर अपार्टमेंट पहुंचे और मृतक ईओ के फ्लैट पर उनके शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्री को सामने देख मृतक की पत्नी बबीता देवी, उनके बच्चे और भाई भावुक होकर फफक पड़े और रोते हुए मुख्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी व कठोर न्याय की गुहार लगाई। परिजनों की पीड़ा सुनने के बाद मंत्री रामकृपाल यादव ने तुरंत एक्शन लेते हुए राज्य सरकार और



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और पूरे मामले में स्पीडी ट्रायल के तहत सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से मृतक ईओ के आश्रितों को तुरंत सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है और न्याय दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने हरसंभव सरकारी और आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय लोग और कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# पटना के मैरीन ड्राइव पर शराब की बड़ी खेप जब्त, कार छोड़कर ड्राइवर फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैरीन ड्राइव (दीघा गोलंबर) के पास पुलिस और मद्य निषेध विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। रविवार की देर रात मिली गुप्त



सूचना के आधार पर मद्य निषेध निरीक्षक नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने तुरंत कार्रवाई करते हुए दीघा गोलंबर के समीप छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मारुति कार को रोका। जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब मिली। अधिकारियों के अनुसार, कुल 110.25 लीटर (यानी 176 बोतलें) अवैध शराब जब्त की गई है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब एक लाख पैंतीस हजार रुपये आंका गया है। हालांकि, पुलिस के हत्थे चढ़ने से पहले ही मौका पाकर कार का ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम अब उस फरार ड्राइवर की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही, जब्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके असली मालिक और इस तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी और विधि सम्मत कार्रवाई तेजी से की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

# बांकीपुर में प्रशांत किशोर की जीत पर पालीगंज में जश्न कार्यकताओं ने बांटी मिठाइयां

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में बांकीपुर विधानसभा सीट पर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की शानदार जीत की खुशी में सोमवार को जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। उपस्थित लोगों ने इस जीत को आम जनता के अटूट विश्वास और जनसुराज की नीतियों की बड़ी जीत करार दिया। जश्न मना रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत बिहार की राजनीति में एक सकारात्मक बदलाव और नए युग का स्पष्ट संकेत है। इस परिणाम से पूरे प्रदेश के संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊंचा हुआ है। कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी जनहित से



जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाने तथा जनसुराज संगठन को गांव-गांव और घर-घर तक मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस हर्षोल्लास के अवसर पर अशोक कुमार, राजकिशोर सिंह, सुनील कुमार वर्मा, राहुल कुमार, भजन लाल कुमार, रामदेव प्रसाद, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, हरेन्द्र पासवान और मोहम्मद आभास सहित बड़ी संख्या में जनसुराज पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशांत किशोर के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा पर अपनी गहरी आस्था व्यक्त की।

# सड़क निर्माण में भेदभाव और मनमानी बर्दाश्त नहीं: एसडीओ धनराज कुमार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी नगर के कपूर्री चौक से रेलवे गुमटी तक आरसीडी (RCD) द्वारा किए जा रहे निमार्णाधीन सड़क और नाला निर्माण कार्य का सोमवार को मसौढ़ी एसडीओ धनराज कुमार ने औचक स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और प्रगति की बारीकी से जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व कड़े दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भारी पक्षपात किया जा रहा है। लोगों का कहना था कि कुछ चुनिंदा जगहों पर ही नियमों का शक्ति से पालन कराया जा रहा है, जबकि अन्य स्थानों पर मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। जनता की इन शिकायतों को बेहद गंभीरता से लेते हुए एसडीओ धनराज कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने की पूरी कार्रवाई केवल और केवल पूर्व निर्धारित चिह्नों और कानूनी मापी के आधार पर ही की जानी चाहिए। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर भेदभाव या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रभावितों के साथ पूरी तरह समान व न्यायसंगत व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इस उच्च-स्तरीय निरीक्षण के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, आरसीडी की सहायक एवं कनीय अभियंता, मसौढ़ी के अंचल अधिकारी (CO) तथा नगर परिषद के अमीन रामाधार प्रसाद सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने निर्माण कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप, पूरी पारदर्शिता के साथ और तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया है।

# वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण अभियान 2026 का शुभारंभ, पौधे लगाए

**: पौधों को काटो नहीं लगाओ, पर्यावरण की होगी सुरक्षा**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**







भिवानी। जर्नलिस्ट क्लब भिवानी (जेसीबी) के तत्वावधान में वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को पौधारोपण अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में 50 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला वन अधिकारी डॉ. राजेश वत्स तथा अंचल अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद अंचल व उनकी धर्मपत्नी अनीता अंचल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने की। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी तथा विद्यालय परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला वन अधिकारी डॉ. राजेश वत्स तथा अंचल अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद अंचल व उनकी धर्मपत्नी अनीता अंचल व एडवोकेट शिवरतन गुप्ता , डॉ पवन बवानी वाला और संयोजक जर्नलिस्ट क्लब के प्रधान ईश्वर धामू ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। अब तक 8 वर्ष में 4 हजार पौधे क्लब द्वारा लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कहा कि 2025 के सर्वे में बहुत पौधों को काटा गया, इस लिए विकास की दौड़ में पौधों को सुरक्षा देना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। डीएफओ राजेश वत्स ने कहा कि करीब 4लाख से अधिक पौधे तैयार किए गए हैं वन महोत्सव के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। आयोजक भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी पर बल देते हुए कहा कि हर नागरिक यदि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो हरित वातावरण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला वन संरक्षक डाक्टर राजेश वत्स,जर्नलिस्ट क्लब के प्रधान ईश्वर धामू , डाक्टर विनोद अंचल, डाक्टर अनिता अंचल, स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुपंता , पवन बुवानीवाला, स्कूल के प्राचार्य करतार सिंह जाखड़, वैश्य मॉडल स्कूल प्राचार्या कमला गुरेजा, अशोक शर्मा, मुकेश, वन रेंज अधिकारी दिपक यादव,सुखदेव शर्मा ,पर्यावरण आयोग के मीडिया ओएसडी कुलदीप भारद्वाज, आयोग के हरियाणा निदेशक महेश शर्मा, अनिल यादव, पार्षद विनोद प्रजापति ,सोनिया अत्री,पार्षद हर्षदीप डूडेजा, अंचल अरोड़ा, समाजसेवी दिपक तोला, अशोक कुमार भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कपिल वेलफेयर सोसायटी 6 अगस्त को मनाएगी तीसरा स्थापना दिवस

## बच्चों और महिलाओं के सम्मान में होगा भव्य समारोह, सिलाई मशीनें व शैक्षणिक सामग्री की जाएगी वितरित

**शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण को समर्पित संस्था की तैयारियां पूरी, क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय कपिल वेलफेयर सोसायटी आगामी 6 अगस्त को अपना तीसरा स्थापना दिवस उत्साह, गरिमा और धूमधाम के साथ मनाएगी। इस अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष समारोह में बच्चों और महिलाओं के सम्मान के साथ शिक्षा, कौशल विकास एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोसायटी की अध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन शिक्षा उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सिलाई मशीनें, शैक्षणिक सामग्री तथा अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और क्षेत्र के नागरिक भी भाग लेंगे। सरिता शर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास ही समाज में सकारात्मक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल की सजावट, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह तथा अतिथियों के स्वागत की सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे भव्य और यादगार कार्यक्रम होगा। सोसायटी अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों और महिलाओं का उत्साह वर्धन करें तथा समाज सेवा के इस अभियान को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें। "बेटी पढ़ेगी, महिला आत्मनिर्भर बनेगी और बच्चे शिक्षित होंगे, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत बनेगा।"

# एसकेएम गैर राजनीतिक भारत के आह्वान पर:

## बीकेई द्वारा किसानों-मजदूरों की मांगों को लेकर 5 अगस्त को होगा प्रदर्शन: लखविंदर सिंह औलख

**-बीकेई के 5 अगस्त के सिरसा प्रदर्शन को लेकर गांवों में नसंपर्क अभियान जारी : लखविंदर सिंह औलख**

**समाज जागरण**



सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरासिया ) भारतीय किसान एकता (बीकेई) के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने सिरसा के कई गांवों के किसानों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान एकता (बीकेई) के बैनर तले किसानों एवं मजदूरों की राष्ट्रीय तथा थानीय मांगों को लेकर बुधवार, 5 अगस्त को सिरसा में विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव शाहपुरिया, तरकांवाली, गुसाईंआना, खेड़ी, साहुवाला, वीरुवाला गुढ़ा, थिराज, झोरड़ रोही, फग्गू,
खारिया, जलालआना बचेर, नथोर, रोहिड़ांवाली सहित कई गांवों में किसानों तथा ग्रामीणों से मीटिंग की। औलख ने बताया कि सभी किसान एवं मजदूर भाई प्रातः 10:30 बजे जाट धर्मशाला, सिरसा में एकत्रित होंगे। वहां से उपायुक्त (डीसी) कार्यालय तक मार्च निकालकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रीय मांगों के लिए राष्ट्रपति तथा स्थानीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त सिरसा को मांग-पत्र सौंपा जाएगा। औलख ने कहा कि राष्ट्रीय मांगों में अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ किए जा रहे किसान विरोधी कर-मुक्त व्यापार
समझौतों (एफटीए) को रद्द करना, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी-2 + 50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी खरीद गारंटी कानून लागू करना, किसानों एवं मजदूरों की संपूर्ण कर्ज मुक्ति, बिजली संशोधन विधेयक एवं सीड्स बिल को वापस लेना प्रमुख हैं। इसके अलावा दिल्ली में विद्यार्थियों पर हुए अत्याचार तथा पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में भी मांग-पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं सिरसा जिले से संबंधित स्थानीय मांगों में किसानों को पर्याप्त नहरी पानी, निर्बाध बिजली आपूर्ति, खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एग्रीकल्चरल ग्रेड यूरिया को टेक्निकल ग्रेड के कट्टों में भरकर बेचने के मामले के मास्टरमाइंड आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कालांवाली, डबवाली तथा गोरीवाला तहसीलों का खरीफ-2020 का लंबित मुआवजा जारी करना, खरीफ 2023, 2024 एवं 2025 की फसल बीमा प्रीमियम राशि लौटाने के बजाय किसानों को बीमा क्लेम देना, गांव शाहपुरिया के किसानों का वर्ष 2025 का लंबित बीमा क्लेम जारी करना तथा गांव वैदवाला में बिना मुआवजा दिए जबरन किसानों को विरासत में लेकर बिजली के टावर एवं तार लगाने के मामले में किसानों के चल रहे धरने को समर्थन दिया जाएगा तथा किसानों के बनते मुआवजे की मांग की जाएगी। रोड़ी, कालांवाली, ओढ़ां, डबवाली क्षेत्र के किसानों की लम्बे समय से लम्बित मांग घग्गर नदी से रंगोई निकाली जाए, फसल बीमा प्रीमियम कटते ही किसानों को बीमा पॉलिसी की कॉपी दी जाए। औलख ने सिरसा जिला के किसानों मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि वे 5 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे जाट धर्मशाला, सिरसा पहुंचकर इस प्रदर्शन को सफल बनाएं और किसानों-मजदूरों की आवाज को मजबूती दें।

# बहल क्षेत्र के गांव से दो युवतियां लापता, बहल थाने में मामला दर्ज

## परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 127(6) के तहत दर्ज किया मुकदमा

**दोनों छात्राओं की तलाश में जुटी पुलिस, आमजन से भी सहयोग की अपील**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। बहल क्षेत्र के गांव से दो 18 वर्षीय युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर थाना बहल में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(6) के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री तथा उनके भाई की 18 वर्षीय पुत्री, जो एक ही कक्षा में पढ़ती हैं, 1 अगस्त 2026 को सुबह करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गईं। परिजनों ने अपने स्तर पर दोनों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया।

शिकायत के अनुसार परिजनों ने चौकी पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और दोनों की तलाश करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद प्रथम दृष्टया मामला बनते हुए थाना बहल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(6) के तहत दर्ज कर

ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दोनों युवतियों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी को दोनों युवतियों के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या बहल पुलिस से संपर्क करें, ताकि उन्हें सकुशल परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

# वैज्ञानिक सोच के प्रसार पर तर्कशील सोसायटी ने बनाई आगामी रणनीति

**समाज जागरण**



कालांवाली(सुरेश जोरासिया ) तर्कशील सोसायटी इकाई कालांवाली की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय शहीद भगत सिंह पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक में समाज में वैज्ञानिक सोच, तर्कशील दृष्टिकोण तथा अंधविश्वासों के विरुद्ध जनजागरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राज्य कमेटी की ओर से तर्कशील पत्रिका के संपादक राजपाल सिंह तथा जोन बठिंड़ा के प्रधान बलराज मौड़ विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने संगठन की गतिविधियों, वैज्ञानिक चेतना के प्रसार तथा समाज में तर्कशील विचारधारा को मजबूत करने के लिए सदस्यों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास, पाखंड और अवैज्ञानिक मान्यताओं के विरुद्ध निरंतर जनजागरण ही एक सशक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण का आधार है। स्थानीय इकाई की ओर से शमशेर चोरमार,अजायब जला लाना, जगदीश सिंहपुरा, वचित्र सिंह मिठड़ी, बिट्टू मलिकपुरा, भगवान दास, गुरतेज सिंह (सेवामुक्त मुख्याध्यापक), सुरेन्द्रपाल सिंह, पैंटा कालांवाली, भूपिन्द्र पटवारी तथा मुलख सिंह ने बैठक में भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में विद्यालयों, महा विद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, व्याख्यान एवं वैज्ञानिक प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाज में तर्कशील एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार और अंधविश्वासों के उन्मूलन के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# श्रावण के प्रथम सोमवार पर छोटी काशी भिवानी के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**:जोगीवाला शिव मंदिर धाम में प्रथम सोमवार को गंगाजलअभिषेक**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर छोटी काशी भिवानी भगवान शिव की भक्ति में पूरी तरह सराबोर नजर आई। शहर के छोटे-बड़े सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का गंगाजल, दूध, दही, बेलपत्र, भांग और धतूरे से विधिवत अभिषेक एवं पूजन कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की। शहर के प्रसिद्ध जोगीवाला शिव मंदिर धाम में प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया, जो देर रात तक लगातार जारी रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के साथ भक्तिमय वातावरण बना दिया।

जोगीवाला शिव मंदिर धाम के महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने लोककल्याण के लिए अपने कंठ में धारण किया था। विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि गंगाजल के साथ दूध, दही, बेलपत्र, भांग और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा विश्व में सुख, शांति और मंगल की कामना की जाती है।

श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने श्रावण के प्रथम सोमवार का व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली, देश की उन्नति, अमन-चैन तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# आरएसएस पब्लिक स्कूल के सामने जलभराव से बढ़ी परेशानी, बारिश में छात्रों का आवागमन बाधित

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बीजपुर/ सोनभद्र। ग्राम सभा बीजपुर के शांतिनगर स्थित आरएसएस पब्लिक स्कूल के मुख्य प्रवेश मार्ग पर जलभराव की समस्या से स्कूली बच्चों, अभिभावकों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है। यह समस्या पिछले एक वर्ष से बनी हुई है और हर बारिश में हालात और गंभीर हो जाते हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि जल निकासी के लिए नाली निर्माण आवश्यक है, लेकिन पर्याप्त जगह उपलब्ध न होने के कारण नाली बनवाने में कठिनाई आ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था न होने पर बच्चों की सुरक्षा और आवागमन की समस्या और बढ़ सकती है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बीजपुर/ सोनभद्र। सावन माह के पहले सोमवार को बीजपुर क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी सुबह से ही मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे भक्तों ने महादेव को बेलपत्र धतूरा फल फूल आदि अर्पण



कर उनका जलाभिषेक किया। क्षेत्र के अजीरेश्वर धाम, रिहन्देश्वर महादेव मंदिर, श्री बेड़िया हनुमान मंदिर, सिरसोती शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखी गई। एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित रिहन्देश्वर महादेव मंदिर, खैरी स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा सैकड़ो श्रद्धालु नंगे पांव हाथों में जल का कलश बेलपत्र धतूरा फल फूल लेकर मंदिर में पहुंचते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुरी पुलिस टीम मुस्तैदी के साथ भ्रमण करती रही।

# श्री अन्न प्रोत्साहन का अध्यापकों को मिला प्रशिक्षण, मिलेट्स के पौष्टिक गुणों पर शिक्षकों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत सोमवार को ब्लाक सभागार में अध्यापकों के लिए एक दिवसीय
प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को श्री अन्न (मोटे अनाज) के पौष्टिक गुणों से अवगत कराना और बच्चों व समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को मोटे अनाज के स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे छात्रों को इसके सेवन के लिए प्रेरित कर सकें। इसमें सांवा, कोदो, मडुवा (रागी), ज्वार और बाजरा जैसे प्रमुख श्री अन्न की विशेषताओं और उनके पोषक तत्वों पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकों को फसल बीमा योजना के बारे में भी बताया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि वे धान, अरहर और तिल जैसी फसलों का बीमा कृषि विभाग के पीएमएफबीवाई पोर्टल पर करा सकते हैं। साथ ही, कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कर रागी, ज्वार, सांवा, कोदो और बाजरा जैसे मोटे अनाज के बीज प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। सहायक कृषि विकास अधिकारी नीरज साहू ने इस अवसर पर कहा कि मोटे अनाज पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ बदलती जीवनशैली में संतुलित आहार का एक बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने शिक्षकों से सांवा, कोदो, रागी, बाजरा सहित अन्य श्री अन्न की विशेषताओं, पोषक तत्वों और स्वास्थ्य पर उनके सकारात्मक प्रभावों का संदेश विद्यार्थियों और अभिभावकों तक पहुंचाने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण सहायक विकास अधिकारी कृषि नीरज साहू और सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा गोविंद प्रजापति द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में राजेश कुमार के साथ बभनी ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कमलेश कुमार, रविन्द्र नारायण पाण्डेय, आलोक मिश्रा, जामशाय, धीरेन्द्र देव पांडेय, शिव कुमार, राजकुमार विश्वकर्मा और अनुजा सिंह सहित कुल 60 अध्यापकों ने भाग लिया।

# उपमहानिरीक्षक कारागार ने किया सोनभद्र जिला कारागार गुरमा का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। उपमहानिरीक्षक कारागार, वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी राजेश कुमार श्रीवास्तव (आईपीएस) ने सोमवार को सोनभद्र जिला कारागार गुरमा का औचक निरीक्षण किया। करीब सवा दो घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, भोजन की गुणवत्ता तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उप महानिरीक्षक ने महिला बैरक, पाकशाला, चिकित्सालय, किशोर एवं पुरुष बैरकों का भी जायजा लिया। इसके साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार पर लगाए गए फेंसिंग वायर तथा निमार्णाधीन उच्च सुरक्षा बैरक के कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिकारियों ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जेल से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, समस्याओं तथा उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों से उप महानिरीक्षक को अवगत कराया।निरीक्षण निर्धारित समय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उपमहानिरीक्षक ने कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार गौरव, जेलर अरविंद कुमार सिन्हा, उप जेलर शशांक पटेल, उप जेलर गौरव कुमार, उप जेलर सुश्री गरिमा कुमारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# पति की मौत के बाद संपत्ति विवाद, महिला ने जेठ-जेठानी पर लगाए आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर के विकास नगर निवासी एक महिला ने अपने जेठ, जेठानी सहित अन्य परिजनों पर पति की मृत्यु के बाद संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास, मारपीट, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तथा अपनी और छह वर्षीय बेटी की सुरक्षा की मांग की है।विकास नगर निवासी कविता ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसके पति गौतम का निधन 26 जनवरी 2025 को हो गया था। पति की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति विरासत के आधार पर उसके और उसकी छह वर्षीय पुत्री के नाम दर्ज हो गई। आरोप है कि इसके बाद से ही उसके जेठ मनीष, जेठानी नेहा, जेठ गौरव तथा उनकी पत्नी बबली लगातार उस पर संपत्ति छोड़ने का दबाव बना रहे हैं और उसे बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं।महिला का आरोप है कि आरोपियों ने मकान की ऊपरी मंजिल की रेलिंग तोड़कर जबरन रास्ता बना लिया और घर में अपना सामान रख दिया। विरोध करने पर उसके साथ-साथ उसके माता-पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इतना ही नहीं, उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने बताया कि वह इस मामले की शिकायत पहले भी कोतवाली पुलिस, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा संपूर्ण समाधान दिवस में कर चुकी है, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिल सका। उसने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अपनी व अपनी छह वर्षीय बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर मारपीट, जातिसूचक गालियां देने का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

झिंझाना।(फुरकान जंग) कस्बा ऊन निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं से अभद्रता, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी तहरीर में सुमन पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि 27 जुलाई को कस्बा ऊन निवासी सोनू उनके घर पहुंचा और कथित रूप से जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। आरोप है कि 29 जुलाई की शाम आरोपी फिर उनके घर आया और उनके साथ मारपीट की। विरोध करने पर उनके पुत्र सन्नी तथा पुत्रियों वंशिका और काजल के साथ भी मारपीट की गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।महिला का आरोप है कि उसी रात करीब 10 बजे मिडिल स्कूल के पास सोनू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उनके पुत्र सन्नी को रोककर मारपीट करने लगा। आरोपियों ने उसे घायल अवस्था में छोड़ दिया। परिजन सन्नी को पुलिस चौकी ऊन ले गए, जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़िता का यह भी आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर सोनू व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।